दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 343 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष दशमी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

अफगानिस्तान का पेशावर में ड्रोन अटैक, दोनों देशों में 48 घंटे का सीजफायर, तालिबान बोला- PAK ने गुजारिश की थी

# पाकिस्तान ने काबुल में बम गिराए

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान ने बुधवार शाम अफगानिस्तान पर हवाई हमले किए। अफगानी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल और स्पिन बोल्डक में बमबारी की है। इन हमलों में दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबर है। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के पेशावर में ड्रोन हमला किया है। इस हमले में एक प्लाजा के कमरे को निशाना बनाया गया है। दावा किया जा रहा है कि इसका इस्तेमाल खुफिया गतिविधियों के लिए एक सीक्रेट ऑफिस के तौर पर किया जा रहा था। इन हमलों के बाद फिलहाल दोनों देशों ने 48 घंटे के लिए सीजफायर पर सहमति जताई है। रॉयटर्स के मुताबिक यह सीजफायर भारतीय समयानुसार बुधवार शाम 6:30 बजे से लागू हो गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि दोनों देश बातचीत के जरिए से मुद्दों का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। दोनों देशों के बीच तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के मुद्दे पर बीते एक हफ्ते से संघर्ष जारी है।



### तालिबान बोला- पाकिस्तान की गुजारिश पर सीजफायर

तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा है कि पाकिस्तान की गुजारिश पर दोनों देशों के बीच सीजफायर लागू किया जा रहा है।

### अफगानिस्तान ने बॉर्डर पर टैंक भेजे

इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। अफगानिस्तान के तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने PAK बॉर्डर पर टैंक भेज दिए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग (ISPR) ने कहा था कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान बॉर्डर पर अफगान तालिबान के हमले को नाकाम कर दिया, जिसमें तालिबान के लगभग 15 से 20 मेंबर मारे गए।

### दोनों देशों ने चौकियों पर कब्जे करने का दावा

अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने एक दूसरे की सैन्य चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया है। साथ ही टैंकों के नुकसान की भी खबर है। पाकिस्तानी सरकारी मीडिया ने तालिबान पर बिना उकसावे के पहली गोली चलाने का आरोप लगाया। वहीं, अफगानिस्तान समर्थित सोशल हैंडल ने दावा किया कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में उन जगहों को निशाना बनाया है।

**आवश्यकता**

प्रदेश के सबसे तेज और विश्वसनीय समाचार पत्र दैनिक बढ़ता राजस्थान को टोंक जिले में सभी तहसील मुख्यालयों पर संवाददाताओं की आवश्यकता है।इच्छुक पत्रकार साथी सम्पर्क करें।

पुरूषोत्तम जोशी जिला ब्यूरो चीफ टोंक, राजस्थान मों. 9783610610

18 से 21 अक्टूबर तक परमिशन; CJI बोले- पर्यावरण से समझौता नहीं, बैलेंस अप्रोच अपनानी होगी

## दिल्ली-NCR में ग्रीन पटाखे बेचने-फोड़ने की इजाजत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-NCR में ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दे दी। हालांकि, ये परमिशन 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए है। इस दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश देते हुए कहा कि हम कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की इजाजत दे रहे हैं। CJI गवई ने कहा कि हमें बैलेंस अप्रोच अपनानी होगी, लेकिन पर्यावरण के साथ समझौता नहीं करेंगे। दिल्ली-NCR के राज्यों और केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिवाली, गुरु पर्व और क्रिसमस जैसे त्योहारों पर ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने 10 अक्टूबर को ग्रीन पटाखों के निर्माण और बिक्री की इजाजत मांगने वाली याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली CM बोलीं- त्योहारों की रौनक बरकरार रखना हमारा लक्ष्य दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत देने पर सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। उन्होंने X पर लिखा- यह फैसला दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर जनभावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

CM ने लिखा- दिल्ली सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए स्वच्छ और हरित दिल्ली के संकल्प के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि त्योहारों की रौनक बरकरार रहे और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो।26 सितंबरः SC ने दिल्ली-NCR में पटाखे बनाने की इजाजत दी थी इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितंबर को दिल्ली-NCR में पटाखा बनाने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए NEERI ((National Environmental Engineering Research Institute) और PESO ((Petroleum and Explosives Safety Organisation) का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं। जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी थी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक NCR में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे।



## जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद 2 अफसर सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में स्लीपर बस अग्निकांड में बुधवार को सरकार ने एक्शन लिया। हादसे का शिकार हुई बस की बॉडी को चित्तौड़गढ़ में परिवहन विभाग ने अप्रूव किया था। बस बॉडी को अप्रूव करने वाले चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को सस्पेंड कर दिया। हादसे के बाद जब प्रशासन ने बस से जुड़ी जानकारी जुटाई, तो खुलासा हुआ कि यह बस चित्तौड़गढ़ जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) कार्यालय में पंजीकृत थी। जांच में सामने आया कि बस मालिक ने नियमों की अनदेखी करते हुए नॉन एसी को एसी बस में मॉडिफाई करवा लिया था, जिसकी भनक परिवहन विभाग को भी नहीं लगी। एसीबी की ओर से भी मामले की जांच की जाएगी। इधर, मंगलवार देर रात पहली FIR दर्ज हुई। हादसे का शिकार हुए पत्रकार राजेंद्र चौहान के भाई ने बस मालिक और ड्राइवर के खिलाफ जैसलमेर के सदर थाने में केस दर्ज कराया। अग्निकांड में मृतकों की संख्या 21 हो गई है। हादसे में झुलसे 10 साल के यूनुस ने बुधवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महात्मा गांधी हॉस्पिटल के अनुसार 4 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। जैसलमेर से जोधपुर जा रही प्राइवेट AC स्लीपर बस में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे आग लग गई थी। हादसे में मारे गए लोगों के शवों की पहचान के लिए जोधपुर और जैसलमेर के हॉस्पिटल में डीएनए सैंपल लिए जा रहे है। सैंपल कलेक्शन के प्रोसेस में देरी को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई है। इस पर हॉस्पिटल अधीक्षक ने कहा कि वैरिफिकेशन में थोड़ा समय लगता है, ताकि कोई गलती न हो।






## पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ें : गोदारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को टोंक जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, गिव अप अभियान, नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। गोदारा ने जिले में गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों से कहा की 89 हजार 982 व्यक्तियों ने गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया है और 1 लाख 60 हजार नए लाभार्थी जुड़े है। इसमें और गति लाते हुए अभियान की सतत मॉनिटिरिंग कर 31 अक्टूबर तक जिले को दिए गए लक्ष्य के अनुरुप सक्षम लोगों को स्वेच्छा से एनएफएसए से अपना नाम हटवाने के लिए प्रेरित कर प्रगति लाना सुनिश्चित करें।




## दीपावली पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दीपावली पर शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जयपुर विद्युत वितरण निगम ने सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर ली हैं। शहर में विद्युत लाइनों एवं सब-स्टेशनों के रख-रखाव (प्री दीपावली मेंटीनेन्स) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जयपुर शहर में 33/11 केवी के 148 सब-स्टेशन हैं। जिन पर 33 केवी के 214 फीडर, 11 केवी के 1290 फीडर तथा 15,486 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। जिनकी मेंटीनेंस का कार्य पूरा कर लिया गया है। दीपावली पर बढ़ते विद्युत भार एवं बढ़ती मांग के अनुरूप विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए 206 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में वृद्धि की गयी है। इसके अतिरिक्त दोनों सिटी सर्किल से संबंधित सभी उपखण्ड कार्यालयों में घरेलू केबल के कनेक्शन 24 घंटे में जारी किये जा रहे हैं।

## पशुपालन शासन सचिव डॉ.समित शर्मा की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शासन सचिव पशुपालन, गोपालन और मत्स्य डॉ.समित शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, एएमएस और के पी आई आधारित ग्रेडिंग प्रणाली सहित अन्य विषयों की प्रगति की समीक्षा बैठक शासन सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक में पशुपालन, गोपालन और डेयरी मंत्री श्री जोराराम कुमावत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर श्री कुमावत ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारे विभाग को सुदृढ़ करने के लिए हमारी मांगों को वरीयता देते हुए उसे पूरा किया जिससे हमारे विभाग में मैन पावर की जो कमी थी वह काफी हद तक पूरी हो गई। इसी तरह विभिन्न स्तर के पशु चिकित्सा संस्थान भी नए खोले गए। उन्होंने कहा कि लंपी धीरे—धीरे कई जिलों में फैला है पर हमारे विभाग ने सावधानी बरतते हुए पहले से ही योजनबद्ध तरीके से इस पर काबू पा लिया। फिर भी हमें सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने जैसलमेर जिले में सर्रा रोग का जिक्र करते हुए निर्देश दिया कि वहां बीमारी को आगे फैलने से रोकने के प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दवाइयों की भरपूर उपलब्धता विभाग सुनिश्चित करें और मौसमी बीमारियों की रोकथाम की भी पूरी तैयारी हो। विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 2030 तक मुंहपका खुरपका रोग के पूर्ण नियंत्रण के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी ईमानदारी ओर प्रतिबद्धता से काम करें।बैठक में शासन सचिव ने प्रदेश में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविरों में पशुपालन विभाग की प्रगति के विषय में विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि इन सेवा शिविरों में अब तक 6 लाख 80 हजार 113 पशुपालकों के कुल 61 लाख 75 हजार 653 पशुओं को विभिन्न सेवाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा चुका है।



# देवली में नियम विरुद्ध पटाखों की खुलेआम बिक्री, प्रशासन बना मूकदर्शक

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शहर में बुधवार को तेज आवाज वाले बारूद से बने पटाखों की बिक्री खुलेआम सडक़ों पर शुरू हो गई है। आश्चर्य की बात यह है कि यह कारोबार उपखंड अधिकारी रूबी अंसार की आंखों के सामने जारी है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में लगभग 70 व्यापारियों को उपखंड अधिकारी द्वारा स्थाई और अस्थाई लाइसेंस जारी किए गए हैं। दीपावली को लेकर जारी इन लाइसेंसों पर उपखंड अधिकारी रूबी अंसार ने कुछ दिन पहले मीडिया को बताया था कि शहर और आसपास के गांवों में 50 व्यापारियों को अस्थाई लाइसेंस दिए गए हैं, इस शर्त पर कि वे चारदीवारी की सीमा में रहकर ही पटाखों की बिक्री करेंगे। साथ ही चेतावनी भी दी गई थी कि यदि कोई व्यापारी नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब स्थिति इसके विपरीत है जिन व्यापारियों को चारदीवारी के अंदर बिक्री की अनुमति दी गई थी, वही व्यापारी खुलेआम सडक़ों पर बारूद से भरे पटाखों की बिक्री कर रहे हैं। रोड पर *एटम बम, गंगा-जमुना, विस्फोटक रॉकेट, बोतल बम जैसे खतरनाक पटाखे आलू-प्याज की तरह बिक रहे हैं। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि 'हाथी के दांत खाने के कुछ और, दिखाने के कुछ और' वाली कहावत यहां बिल्कुल सटीक बैठती है। सवाल यह उठता है कि जब उपखंड अधिकारी ने स्वयं नियम तय किए थे, तो अब उन्हीं नियमों की पालना सुनिश्चित क्यों नहीं की जा रही? मीडिया ने इस मामले में उपखंड अधिकारी रूबी अंसार से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा। यही हाल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा का भी रहा। दोनों अधिकारियों की चुप्पी से साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। गौरतलब है कि राजस्थान प्रदेश में हाल के दिनों में आगजनी की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए। इसके बावजूद देवली में बारूद से भरे विस्फोटक पटाखों की बिक्री पर न तो रोक लगाई जा रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब नियमों के बावजूद सडक़ों पर खुलेआम पटाखों की बिक्री हो रही है, तो आखिर प्रशासन की आंखों पर पट्टी क्यों बंधी है?

**उपखंड अधिकारी ने जारी किए अस्थाई लाइसेंस, सड़कों पर बारूद से भरे विस्फोटक पदार्थों की बिक्री जारी**



# खेरवाड़ा में व्यापारी की सुरक्षा की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,(नि.स.)।** खेरवाड़ा कस्बे के व्यापारी तथा व्यापार महासंघ के प्रवक्ता धरणेन्द्र जैन के साथ दो बार मारपीट कर जानलेवा हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने तथा व्यापारी को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर व्यापार महासंघ के सैकड़ों सदस्यों ने बुधवार को उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में व्यापारी के साथ मारपीट व प्राण घातक हमला करने तथा हत्या की धमकी देने वालों के विरुद्ध शीघ्र कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई है। व्यापार महासंघ ने चेतावनी दी की 10 दिन के भीतर पुलिस प्रशासन ने इस प्रकरण में कार्यवाही नहीं की तो व्यापारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अमित कलाल, उपाध्यक्ष रवि प्रकाश मेहता एवं नरेंद्र पंचोली, संरक्षक पारस जैन ,मंत्री मुकेश कलाल एवं नरेंद्र नागदा, संगठन मंत्री प्रेमचंद कलाल, कोषाध्यक्ष हसमुख जैन, मीडिया प्रभारी हितेश जोशी, वरिष्ठ व्यवसायी बद्रीनारायण कलाल एवं गोपालदास सितलानी, कपड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद जैन एवं हेवन फडिया, स्टेशनरी व्यापार संघ के अध्यक्ष ओम व्यास एवं निर्मल गांधी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश पंचोली, किराणा अनाज व्यापार संघ के रमेश चंद्र कलाल, बर्तन व्यापार संघ के महामंत्री हिमांशु भमरा ,युवा व्यावसाय तुषार जोशी ,कमलेश जैन समाजसेवी भूपेंद्र कुमार कोठारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

## डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किय वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर,(नि.स.)।** महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन किया। आगामी वर्ष के प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर के मुख्य पृष्ठ पर मेवाड़ के आराध्यदेव परमेश्वराजी महाराज श्री एकलिंगनाथ जी, प्रभु श्रीराम का दरबार, मेवाड़ के मूल नरेश बाप्पा रावल, महर्षि हारीत राशि के साथ ही उदयपुर संस्थापक श्री एकलिंग दीवान महाराणा उदय सिंह और उनके वंशजों के चित्रों को स्थान दिया गया है। कैलेंडर में मुख्य पृष्ठ के साथ ही वर्ष 2026 के 12 माह के डेट-पेड में अंग्रेजी तारीखों एवं विक्रम सम्वत् के पंचांगानुसार तिथियों के वार्षिक व्रत-पर्व, जयंतियां आदि को दिया गया है।

## जनशताब्दी व आरक्षण खिडक़ी खुलवाने के लिए ग्रामीणों ने प्रमुख मुख्य अभियंता पश्चिम मध्य रेल्वे आशुतोष कों सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता )।** सूरौठ- फतेहसिंह पुरा रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण करने आए अधिकारी प्रमुख मुख्य अभियंता पश्चिम मध्य रेलवे आशुतोष के द्वारा निरीक्षण किया गया व जबलपुर जोन में बने 7 टूल बॉक्स में से फतेहसिंह पुरा रेल्वे स्टेशन पर बने पहले टूलबॉक्स का फीता काटकर उद्घाटन किया गया, इस बने टूलबॉक्स से ट्रैकमैनों कों अपने सामान रखने बैठने के लिए अच्छा उपयोगी रहेगा,, व साथ ही साथ ग्रामीणों ने फतेह सिंह पुरा रेल्वे स्टेशन दिल्ली मुंबई मार्ग पर चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ी कोटा -निजामुद्दीन जनशताब्दी, गंगापुर कासगंज निजामुद्दीन उदयपुर, मेवाड़ एक्सप्रेस ,का ठहराव करवाने व आरक्षित खिडक़ी खुलवाने को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा , जिस पर इस मौके पर बाह्मण समाज युवा अध्यक्ष प्रमोद तिवारी पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज, भामाशाह रजनीश मीणा, शूटिंग बांल संघ के सचिव विश्राम मीना,भयसिंह मीना रामप्रताप पाराशर, हरिसिंह मीना राजीव मीणा, राजेश मीना, नरसी प्रजापत, ज्ञापन सौंपने के मौके पर उपस्थित रहे ।

## आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय विज्ञान मेले में स्थान प्राप्त करने छात्राओं का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता )।** आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय विज्ञान मेले में स्थान प्राप्त करने वाले जिला स्तरीय टूर्नामेंट में स्थान लेने वाले साइंस ओलंपियाड परीक्षा में मेडल प्राप्त करने वाले भारत को जानो परीक्षा एवं अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य वर्धमान जैन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की तथा भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर ऋद्धि चंद जैन एडवोकेट प्रशासक अशोक शर्मा पूर्व प्रिंसिपल विकास शर्मा प्रभारी बृजेश नगर दिलीप ललित सोनी महेश महावर शुभम वर्मा निशा खत्री मोहित चौहान विजेंद्र सिंह एवं अमृता कपूर आदि उपस्थित रहे।

## सहकारिता आंदोलन को मिलेगी मजबूती, बने 10 हजार नए सदस्य



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** राज्य सरकार की ओर से आमजन को सहकारिता से जोडऩे को लेकर सहकार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस पूरे पखवाड़ेभर जिलेभर में कई शिविर लगाए गए, जिसमें नए सदस्य बनाए गए। अभियान के तहत गत 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जिले की विभिन्न ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 139 शिविर आयोजित किए गए। अभियान को लेकर किसानों में खासा उत्साह रहा। दी सिरोही सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक पूनाराम चोयल ने बताया कि शिविरों में 12 हजार से अधिक लोगों को प्रस्तावित सहकारिता कानून की जानकारी दी गई। वहीं, राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्य नौ हजार सदस्य के विरुद्ध 10 हजार से अधिक नए सदस्य बनाए गए हैं। जिले में ग्राम सेवा सहकारी समिति से वंचित 75 ग्राम पंचायतों में से 25 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्वीकृति राज्य सरकार से प्राप्त हो चुकी है। 33 भूमि विहीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों में भूमि आवंटन के लिए संबंधित पंचायतों में आवेदन किया जा चुका है। जिससे सहकारिता आंदोलन की और मजबूती मिलेगी।

### किसानों के लिए लाभकारी है सहकारिता

प्रबंध निदेशक ने बताया कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसके माध्यम से किसान खाद, बीज एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। सहकार अभियान शिविर के सफल संचालन में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्ष, संचालक मंडल व समिति व्यवस्थापकों का भरपूर योगदान रहा।

**एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर लोगों ने सौंपा ज्ञापन**

# प्रमुख मुख्य अभियंता ने फतेहसिंह पुरा रेल स्टेशन पर टूलबॉक्स रूम का किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता )।** सूरौठ तहसील मुख्यालय पर स्थित फतेह सिंह पुरा रेल स्टेशन पर रेलवे की ओर से बनाए गए टूल बॉक्स रूम का बुधवार को पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य अभियंता आशुतोष एवं अन्य अधिकारियों ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सूरौठ नगर के नागरिकों ने प्रमुख मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंप कर फतेह सिंह पुरा रेल स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करवाने एवं आरक्षण खिडक़ी खोलने की मांग की। फतेहसिंह पुरा रेल स्टेशन पर लाखों रुपए की लागत से बनाए गए टूल बॉक्स रूम का प्रमुख मुख्य अभियंता ने पट्टिका अनावरण कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता आलोक ऐश्वर्य, उप मुख्य अभियंता ट्रैक रोहित रघुवंशी एवं समन्वय वरिष्ठ मंडल अभियंता महेंद्र सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य अभियंता आशुतोष ने कहा कि फतेहसिंह पुरा रेल स्टेशन पर टूल बॉक्स रूम का निर्माण होने से रेलवे कर्मचारियों को काफी सुविधा मिलेगी। प्रमुख मुख्य अभियंता एवं अन्य अधिकारियों ने फतेह सिंह पुरा रेलवे स्टेशन का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के प्रदेश सचिव प्रमोद तिवाड़ी, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विश्राम मीणा, समाजसेवी रजनीश मीणा, सूरौठ के पूर्व उपसरपंच भय सिंह मीणा, परसादी मीणा, बृजेश भारद्वाज, रामप्रताप पाराशर, नरसी प्रजापत, धर्मसह मीणा, राजेश मीणा, राजीव मीणा, जगदीश बंडा, सतीश, घनश्याम, दिनेश मीणा सहित काफी लोगों ने प्रमुख मुख्य अभियंता आशुतोष को ज्ञापन सौप कर सूरौठ तहसील मुख्यालय पर स्थित फतेहसिंह पुरा रेल स्टेशन पर कोटा निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस, गंगापुर कासगंज, निजामुद्दीन उदयपुर मेवाड़ एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करवाने की मांग की। साथ ही आरक्षण खिडक़ी खोलने की मांग भी की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सूरौठ का फतेह सिंह पुरा रेल स्टेशन आसपास के 50 से अधिक गांवों से जुडा है। सूरौठ नगर की आबादी भी 25 हजार से अधिक है। दिल्ली मुंबई रेल मार्ग पर स्थित फतेहसिंह पुरा रेल स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण क्षेत्र के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर कस्बे के लोगों ने प्रमुख मुख्य अभियंता का साफा पहनाकर सम्मान किया।

## लालचंद मीणा बने जिला उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले की समस्त गौशाला समितियों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक श्रीराठ सार्वजनिक गौशाला में आयोजित हुई, जिसमें जिलेभर की गौशालाओं के संचालन और विकास को लेकर गंभीर चर्चा हुई। इस बैठक में श्रीराम गौसेवा समिति, पांचुडाला के संरक्षक लालचंद मीणा ने गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने और गोचर भूमि के संरक्षण पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं की आत्मनिर्भरता तभी संभव है जब स्थानीय स्तर पर जनता और प्रशासन दोनों की सक्रिय भागीदारी हो। गौसेवा केवल सेवा नहीं, यह हमारी संस्कृति का प्रतीक है। मीणा के विचारों की बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने सराहना की। भूरीभड़ाज प्रशासक और गौशाला संरक्षक कैलाश चंद स्वामी ने भी अपनी सूझबूझ और सामाजिक सक्रियता से सबका ध्यान खींचा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से लालचंद मीणा को जिला उपाध्यक्ष और कैलाश चंद स्वामी को जिला सचिव नियुक्त किया।

# सचिन पायलट का टोंक में भव्य स्वागत, पी आर एस रेलवे आरक्षण काउंटर पुनः शुरू कराने का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी) ।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव और टोंक विधायक सचिन पायलट का टोंक दौरे पर रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष ,अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कांग्रेस जिला महासचिव अकबर खान ने ज़ोरदार स्वागत किया। इस दौरान टोंक मुख्यालय पर बने क्क. क्र.स् रेलवे आरक्षण काउंटर को एन डब्ल्यू आर जयपुर द्वारा बिना किसी सूचना बंद कर दिए जाने को लेकर सचिन पायलट को ज्ञापन सौंप कर चर्चा की । अकबर खान ने बताया है कि टोंक मुख्यालय रेल से तो पता नहीं कब जुड़ेगा लेकिन मौजूदा क्क. क्र.स् रेलवे आरक्षण काउंटर को बिना किसी सूचना के जयपुर ह.ड्ढ. क्र. द्वारा बंद कर दिया गया है जिसको लेकर जनता को काफी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ रहा है जिस पर पायलट साहब ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं रेलवे अधिकारियों से बात कर के पुनः इस काउंटर को चालू करवाउंगा इस मौके पर अकबर खान ने पायलट साहब का 51 किलो की माला ज़बरदस्त आतिशबाजी ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया ।

# त्यौहारों के सीजन से पहले खाद्य विभाग की सख्ती

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** आगामी त्यौहारों के सीजन को देखते हुये आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमंगला, जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा व नेहा शर्मा द्वारा मिष्ठान भण्डारों के गोदामों का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि कस्बे के पावटा बस स्टैंड स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार के गोदाम का निरीक्षण किया गया। जहां से कलाकंद एवं मिश्री मावा का सैंपल लिया गया एवं निरीक्षण करने पर परिसर में साफ सफाई नहीं पाए जाने के कारण इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। साथ ही पावटा के शनि मंदिर के पास स्थित मातेश्वरी ट्रेंडिंग कंपनी के गोदाम का निरीक्षण किया गया।

## युवा अधिवक्ता देवांश सिंह ने थामा कांग्रेस का हाथ, नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली की मौजूदगी में की सदस्यता ग्रहण

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के युवा अधिवक्ता देवांश सिंह ने बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली ने स्वयं उपस्थित होकर देवांश सिंह का पार्टी में स्वागत किया। देवांश सिंह ने कहा कि वे कांग्रेस की नीति, नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा और राजस्थान की जनता के हित में पार्टी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। टीका राम जूली ने कहा कि युवा और अनुभवी अधिवक्ताओं का पार्टी से जुडऩा संगठन के लिए नई ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने देवांश सिंह को बधाई देते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

**बोले, इसके लिए सांसद व जिलाध्यक्ष बैठे हैं वे बताएंगे**

# प्रदेश की उपलब्धियों का पुलिंदा खोला, सिरोही से सरोकार नहीं

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही(नि.स.)।** भाजपा की ओर से बुधवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की गई। उद्देश्य था राज्य में सत्तासीन होने के बीस माह में हासिल की गई उपलब्धियां जनता के समक्ष रखना। लेकिन, सिरोही को इन बीस माह में क्या दिया गया यह इनके एजेंडे में नहीं था। पत्रकारों से बातचीत के लिए भाजपा ने आहोर (जालोर) से पूर्व विधायक शंकरसिंह को यहां भेजा था। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई, लेकिन सिरोही की समस्याओं को लेकर पूछा तो कन्नी काट ली। बोले इस बारे में सांसद लुम्बाराम चौधरी व भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी बैठे हैं, वे बताएंगे। हां, पिछली कांग्रेस सरकार ने अपने बीस माह के कार्यकाल में कितना कार्य किया था और भाजपा ने सत्तासीन होते ही बीस माह में कितना कार्य किया इसके आंकड़े बताते हुए वे प्रफुल्लित नजर आए। ्रकमियां रह जाती है, बदलाव दिखेगा राजकीय मेडिकल कॉलेज का कार्य धीमी गति से चल रहा है और यह मार्च माह में पूरा हो जाना चाहिए था, इस सवाल के जवाब में बताया गया कि कुछ कमियां रह जाती है। सरकार बदलने के बाद बदलाव भी धीरे-धीरे दिखेगा। बताया कि जल्द ही कार्य पूरा हो जाएगा, सांसद ने हाल ही में निर्माण कार्य का जायजा भी लिया है।

### घाटे से उबरे पर सफर के लिए बसें नहीं हैं

उन्होंने बताया कि घाटे में चल रही रोडवेज का प्रबंधन सही तरीके से किया है, जिससे घाटा कवर होकर अब बैलेंस आ रहा है। इस पर उनसे पूछा गया कि सिरोही-जालोर संसदीय क्षेत्र को जोडऩे के लिए रोडवेज की बसें ही नहीं है, जो थी वे बंद हो गई अब गिनती की बसें चल रही है। आदिवासी क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में भी लोग अवैध वाहनों से सफर कर रहे हैं। जवाब मिला कि रोडवेज को नई बसें मिलने वाली है तब सब ठीक हो जाएगा।

### पहले मिठाई खाई, फिर संवेदना जताई

पत्रकारों से बातचीत के दौरान कचौरी व किट्टी के लड् मंगवाए गए। बातचीत करते हुए ही पूर्व विधायक समेत अन्य ने मुंह मीठा किया। बातचीत के बाद किसी ने जैसलमेर में हुए बस हादसे का जिक्र किया। इस पर पूर्व विधायक तपाक से बोले हां, एक बात और, आप हमारी ओर से संवेदना भी लिख दीजिएगा। वाकई बहुत ही बड़ा और दुखदायी हादसा था।

### सड़कें नहीं दिख रही, सजावट दिखानी है

सिरोही जिला मुख्यालय पर सडक़ें टूटी पड़ी है और दीपावली की सजावट जा रही है, जिससे हादसों का अंदेशा बना हुआ है। सडक़ मरम्मत के बजाय सजावट में लाखों रुपए का बजट जाया किया जा रहा है।

# गोमय दीपकों से जगमगाएगी दीपावली: जयपुर की महिलाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** इस वर्ष की दीपावली रोशनी के साथ गो संवद्र्धन और पर्यावरण संरक्षण अनोखा और ऐतिहासिक संदेश देगी। छोटीकाशी की छतों पर पर माटी के पारंपरिक दीयों के साथ गोबर से बने दीपक भी झिलमिलाएंगे। ऐसे में ये दीपक न केवल आध्यात्मिक आभा फैलाएंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश भी देंगे। जयपुर के विभिन्न स्वयं सहायता महिला समूह से जुड़ी महिलाएं इन गोमय दीपकों की पैकेजिंग जुटी हैं। गत दो माह में ये दीपक तैयार किए गए। टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला के वैदिक पादप अनुसंधान केन्द्र में दीपक तैयार हो चुके हैं। माता रानी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रतिदिन लगभग पांच हजार दीपक बना रही हैं। एक दीपक तैयार करने में केवल डेढ़ मिनट का समय लगता है। यह कार्य इन महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आजीविका दोनों प्रदान कर रहा है, साथ ही ग्रामीण कारीगरों और गौशालाओं को भी आर्थिक सहयोग का माध्यम बन रहा है।

हैनिमन चेरिटेबल सोसायटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने बताया कि

## अयोध्या में जलेंगे पांच लाख गोबर दीपक



ये दीपक साधारण मिट्टी के नहीं, बल्कि देसी नस्ल की गाय के गोबर और दुर्लभ औषधीय जड़ी-बूटियों से निर्मित हैं। इनमें जटामासी, अश्वगंधा, रीठा, देसी घी, मोरिंगा पाउडर, काली हल्दी, नीम, तुलसी और अन्य प्राकृतिक तत्व सम्मिलित किए गए हैं। जब ये दीपक जलते हैं, तो उनसे न केवल उजाला फैलता है, बल्कि हवन सामग्री जैसी दिव्य सुगंध भी वातावरण में व्याप्त हो जाती है। यह विशिष्ट संयोजन दीपों को आध्यात्मिक और औषधीय दोनों दृष्टियों से उपयोगी बनाता है।

### रोशनी के साथ पोषण देंगे

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि गोमय दीपकों की विशेषता यह भी है कि ये अत्यंत हल्के हैं, गिरने पर टूटते नहीं और इन्हें कई बार जलाया जा सकता है। जलने के बाद इन्हें मिट्टी या पौधों के पास डालने से ये प्राकृतिक खाद (उर्वरक) की तरह कार्य करते हैं। इस प्रकार ये दीपक रोशनी के साथ पोषण का संदेश देते हैं। यह प्रयोग भारतीय परंपरा में वर्णित पंचगव्य सिद्धांत का आधुनिक स्वरूप है जो यह दर्शाता है कि स्वदेशी ज्ञान और पर्यावरण-संरक्षण के मेल से भी नवाचार संभव हैं।

### अयोध्या में भी फैलेगा गौमय प्रकाश

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में इस बार 26 लाख दीपों से जगमगाता दीपोत्सव आयोजित होगा, जिसमें जयपुर से पांच लाख गोमय दीपक विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। अयोध्या की धरती पर ये पांच लाख गोमय दीपक प्रज्वलित होंगे, तब वह दृश्य केवल भव्य और दिव्य ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक चेतना का प्रतीक होगा जिसने सदियों से विश्व को प्रकाश दिया है। महिलाओं की सृजनशीलता, स्वदेशी नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का यह संगम इस बार की अयोध्या दीपावली को नई पहचान देने जा रहा है एक ऐसी दीपावली, जो केवल अंधकार नहीं मिटाएगी, बल्कि प्रकृति, परंपरा और मानवता को भी आलोकित करेगी।

## युवाओ में जोश, हुआ पोस्टर विमोचन

# राजधानी फाउण्डा में 'झंकार-2025' राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आज




बढ़ता राजस्थान

**पचकोडिया (नि.स.)।** पचकोडिया कस्बे में नीट, जेईई, सीयूईटी, जेट की तैयारी कराने वाले इंस्टीट्यूट राजधानी एजुकेशनल ग्रुप पचकोडिया द्वारा संचालित राजधानी साइंस धारा, राजधानी फाउण्डा व राजधानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल कैंपस में आज 16 अक्टूबर को शाम 4.15 बजे से रात्रि 11 बजे तक स्टेट लेवल सांस्कृतिक कार्यक्रम 'झंकार-2025' व पूर्व राजधानियन्स (एल्यूमिनाई) व वर्तमान राजधानियन्स दीपोत्सव संगम का भव्य रूप से आयोजन होगा। समारोह को लेकर युवाओ में जोश होने के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा तैयारिया जोरो पर चल रही है। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम सिंह यादव व प्रिसिंपल हेमेन्द्र शर्मा ने बताया कि पोस्टर विमोचन व साथ ही आयोजित मिटिंग में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई एवं कार्यक्रम सम्बन्धित जिम्मेदारिया दी गयी। कार्यक्रम में पूर्व राजधानियंस (एल्यूमिनाई) और उनके अभिभावकों का विशेष सम्मान एवं मिलन समारोह भी रखा गया है। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, नाट्य, फैशन शो, लोक संस्कृति की प्रस्तुतियाँ और प्रेरक भाषणों का संगम देखने को मिलेगा। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए नेशनल मोटीवेटर डॉ रमेश यादव ने कहा कि झंकार-2025 सिफर्. एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह शिक्षा, संस्कार और परंपरा का उत्सव है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, आत्मविश्वास और सामाजिक समरसता का विकास करना है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से राजधानियन छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश शर्मा मुण्डोती व गिरीराज शर्मा करणसर ने बताया कि कार्यक्रम में देश के ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग कार्यक्रम, समूह गान, एकल नृत्य एवं ड्यूल डांस प्रस्तुतियां देगें। इस अवसर पर बैठक में शिक्षाविद् मुकेश शर्मा, बालाजी स्कूल के निदेशक नागर डिडल, नरेन्द्र डिडल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अजजा सचिव मनोज मीणा, राजस्थान विश्वविद्यालय प्रतिनिधि बलवीर चौधरी, राजधानी शिक्षण समूह के सहनिदेशक हरीसिंह यादव, समाजसेवी रामेश्वर काकोडिया, डिप्टी डायरेक्टर कल्पेश यादव, राधेश्याम खोला, कृष्ण यादव, जगदीश कुमावत, पने कवंर, कृष्णा यादव आदि उपस्थित रहे।

# उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार ने किया उप जिला अस्पताल दूदू का औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**दूदू (नि.स.)।** उपखण्ड अधिकारी दूदू रमेश कुमार ने बुधवार को उप जिला अस्पताल दूदू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल में कुल 12 अग्निशमन यंत्र उपलब्ध हैं, जो सभी कार्यशील अवस्था में हैं। इनकी रिफिलिंग 18 जुलाई 2025 को कराई गई थी। आपात स्थिति में इनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने हेतु समस्त कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है। उपखण्ड अधिकारी ने निर्देश दिए कि समय-समय पर इस संबंध में कार्यशालाएं आयोजित कर कर्मचारियों को उपकरणों के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए। अस्पताल में महिला एवं पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग दो वार्डों की समुचित व्यवस्था की गई है। वर्तमान में अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 400 से 500 मरीज आ रहे हैं। इनमें अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम और खांसी के हैं। मलेरिया व डेंगू की स्थिति नगण्य पाई गई। मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत अस्पताल में 641 प्रकार की दवाइयां और 220 सर्जिकल आइटम उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान वार्डों, शौचालयों एवं परिसर की साफ-सफाई में सुधार की आवश्यकता पाई गई, जिस पर उपखण्ड अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अस्पताल में सितंबर 2025 में 23 तथा अक्टूबर 2025 में अब तक 17 प्रसव हुए हैं। सितंबर माह की सभी प्रसूताओं को जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत भुगतान किया जा चुका है, जबकि अक्टूबर माह की तीन प्रसूताओं का भुगतान लंबित है।

# दूदू में दिवाली की तैयारियों का प्रशासन ने लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**दूदू (नि.स.)।** दिवाली पर्व को लेकर दूदू नगर पालिका क्षेत्र में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर पालिका प्रशासक एवं उपखण्ड अधिकारी (एसडीएम) रमेश कुमार ने शहर के मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर की जा रही लाइटिंग कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रमेश कुमार ने नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शहर की रोशनी व्यवस्था दिवाली के अनुरूप भव्य और आकर्षक होनी चाहिए, ताकि आमजन को पर्व का आनंद मिल सके। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि दिवाली सीजन के दौरान बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की कटौती न की जाए, जिससे नागरिक बिना किसी बाधा के उत्सव मना सकें। एसडीएम रमेश कुमार ने आमजन से अपील की कि दिवाली के दौरान सफाई का विशेष ध्यान रखें, पटाखों के प्रयोग में सावधानी बरतें, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और नगर पालिका द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य बाजार क्षेत्रों में वाहन पार्किंग व्यवस्था में सहयोग करें, ताकि यातायात सुचारू रहे और किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका ईओ जोधाराम विश्नोई, तकनीकी स्टाफ एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** बर्डोद दीपों का पर्व दीपावली केवल रोशनी और सजावट का उत्सव नही है, बल्कि यह समाज में एकता भाईचारे और सहयोग का प्रतीक है। एकता मंच बहरोड द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम ने दिया संदेश। समारोह कार्यक्रम में कस्बे क्षेत्र की आठ सौ से अधिक महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं दीपावली उपहार सम्मान स्वरूप भेंट किये। समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता एकता मंच के संरक्षक वेदप्रकाश यादव ने की। मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच सुनील भारद्वाज रहे।

**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**

Sr.No. NPM/2025-26/2320 Date :- 09-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Nagar Palika Malpura Bids For 28/2025 Nib No DLB2526A7064 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 27.10.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

Raj.Samwad/C/25/12253

Executive Officer
Municipal Board Malpura

**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**

Sr.No. NPM/2025-26/2379 Date :- 09-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Nagar Palika Malpura Bids For 33/2025 Nib No DLB2526A7130 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 27.10.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

Raj.Samwad/C/25/12249

Executive Officer
Municipal Board Malpura

**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**

Sr.No. NPM/2025-26/2289 Date :- 09-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Nagar Palika Malpura Bids For 25/2025 Nib No DLB2526A7061 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 27.10.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

Raj.Samwad/C/25/12257

Executive Officer
Municipal Board Malpura

# कटेवा नगर में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति, कटेवा नगर, जयपुर वर्ष 2009 से निरंतर जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन करती आ रही है। इसी क्रम में समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज समिति द्वारा निम्नलिखित 29 वृद्ध जनों का सम्मान किया गया। आनंद कुमार गर्ग, बृजमोहन लाल शर्मा,सरोज शर्मा, कल्याण सहाय गोड़, शांति देवी, हरदयाल गोड़, केसरी सिंह चंपावत, नाथी देवी जांगिड़, रामजीलाल अटोलिया, सुबोध सिंघल, डॉ. करनी दान सिंह, माणक चंद लोढ़ा, गोपाल लाल सारस्वत, जस्टिस (सेवानिवृत्त) पानाचंद जैन, सुशीला देवी जोशी, भगवान गट्टानी,





जे.के. सिंघी एडवोकेट ,अनिल कुमार शर्मा, महेंद्र कुमार खन्ना, कमल कुमार जैन, बृजमोहन शर्मा, रामस्वरूप सिंह चौधरी, जयपाल सिंह, आनंदी प्रसाद, प्रेम के सहगल, महेश चंद्र जायसवाल, विमला जायसवाल, चंद्र प्रकाश जोशी एवं राजेश्वरी जोशी। समिति द्वारा सभी वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण, शॉल, मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस पानाचंद जैन रहे तथा अध्यक्षता जस्टिस एन.के. जैन द्वारा की गई। एस एस बिस्सा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान संजय रायजादा जडिया द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत सराहा। समिति के मुख्य संरक्षक आर.के. अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम विजय , वरिष्ठउपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, सचिव नरेंद्र टाक एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित समिति के समस्त सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी आगंतुकों के लिए प्रसादी का आयोजन किया गया।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड मालपुरा**

"जल ही जीवन है।" **व्यास सर्किल के पास, सदरपुरा रोड जलदाय विभाग केम्पस, मालपुरा जिला-टोंक**

**Mobile No. 8279108410 E-Mail ID : eemal.ton.phed@rajasthan.gov.in**

क्रमांक : अ.अ./जन स्वा./माल./2025-26 दिनांक :

**ई-निविदा सूचना संख्या 133 से 143/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड मालपुरा के अधीन विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वा. अभि. विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेट प्रक्रिया के तहत ऑन लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑनलाइन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से निम्न विवरण में अंकित अनुसार अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर जमा कराये जा सकते है। निर्धारित तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस में उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जाएगी। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा की लागत कम व अधिक की जा सकती है ।

विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, sppp.rajasthan.gov.in, http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक। उक्त निविदाओं का वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in पर यूनिक बिड नं. निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 07.10.2025 से 17.10.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 07.10.2025 से 17.10.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | 18.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे |

| S. No | Nit No | NIB Code | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | 133/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07401 |
| 2 | 134/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07402 |
| 3 | 135/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07403 |
| 4 | 136/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07404 |
| 5 | 137/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07405 |
| 6 | 138/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07406 |
| 7 | 139/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07407 |
| 8 | 140/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07408 |
| 9 | 141/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07409 |
| 10 | 142/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07410 |
| 11 | 143/2025-26 | PHE2526A3636 | PHE2526WSOB07411 |

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड मालपुरा

DIPR/C/15100/2025

## सम्पादकीय

# लालू परिवार की मुश्किलें

बिहार चुनाव तपने लगा था, उसी दौरान सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब चुनाव के दौरान ही 27 अक्तूबर से रोजाना अदालत सुनवाई करेगी, साक्ष्य पेश किए जाएंगे, बहस होगी और अंतिम चरण के मतदान 11 नवंबर से एक दिन पहले ही अदालत अपना अंतिम फैसला सुना सकती है। अर्थात लालू यादव और परिजनों को जेल भेजा जाएगा अथवा आरोप-मुक्त किया जाएगा। लालू पहले ही चारा घोटाले में, स्वास्थ्य के आधार पर, जमानत पर हैं। कई साल जेल की सजा भी काट चुके हैं। यह केस लालू यादव के रेलमंत्री कार्यकाल का है, जब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। लालू 2004-09 के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री थे। लालू के उस दौर में जमीन के बदले नौकरियां दी गईं और भूमि के सस्ते हस्तांतरण के बदले आईआरसीटीसी होटल के घोटाले सामने आए। विशेष जज विशाल गोगने ने लालू यादव के आपराधिक साजिश का मुख्य सूत्रधार होने की आशंका जताई है। आपराधिक साजिश के अलावा, धोखाधड़ी, सार्वजनिक पद के दुरुपयोग और जनसेवक द्वारा आपराधिक दुराचरण की धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने 244 पन्नों के फैसले में कहा है कि तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सुजाता होटल, प्रेमचंद गुप्ता की पत्नी का होटल, के निदेशक विजय और विनय कोचर आदि के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची। रांची और पुरी के बीएनआर होटलों की उप-लीज के अनुबंधों में अनुचित लाभ दिए गए। बदले में कोचर बंधुओं ने पटना की कीमती जमीन लालू के करीबी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रेमचंद गुप्ता की कंपनी को बेची। वह कंपनी लालू परिवार के नियंत्रण में आ गई। कंपनी के शेयर तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दिए गए। जमीन हस्तांतरण भी मामूली कीमत पर उनके नाम हो गया। जिस संपत्ति का बाजार-मूल्य 94 करोड़ रुपए था और सर्किल रेट ही 32 करोड़ रुपए से अधिक था, वह 65 लाख रुपए में ही तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दी गई। तब तेजस्वी नाबालिग थे, लेकिन करोड़ों रुपए की कंपनी और संपत्ति के मालिक थे। अदालत में वे कह रहे थे कि वे निर्दोष हैं। तो करोड़ों रुपए का हस्तांतरण उनके नाम कैसे हो गया? देश में किसी अन्य परिवार के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ? अदालत का गंभीर संदेह है कि तत्कालीन रेलमंत्री ने टेंडर प्रक्रिया को भी प्रभावित किया। तेजस्वी यादव इस मामले को 'सियासी साजिश' करार दे रहे हैं और लगातार लडऩे की हुंकार भर रहे हैं। भारत सरकार में रेल मंत्री लालू यादव थे, घोटाला परिवार में रचा गया, तो 'सियासी साजिश' कौन करेगा? यूपीए सरकार मई, 2014 तक रही। दरअसल यह घोटाला चक्रव्यूह की तरह है। आखिरी लाभार्थी लालू परिवार है। चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप और अंततः कटघरे में जाने की नौबत राजद और 'इंडिया' गठबंधन के लिए करारा धक्का साबित हो सकता है। भाजपा-एनडीए लालू परिवार के खिलाफ धुआंधार प्रचार करेंगे और इस घोटाले को 'जंगल-राज' तथा 'चारा घोटाले' की अगली कड़ी कहेंगे। आरोप किसी राजनीतिक दल के नहीं हैं, बल्कि एक विशेष जज की अदालत में तय किए गए हैं, लिहाजा यह राजनीति करार नहीं दी जा सकती। अलबत्ता लालू परिवार इस अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती जरूर दे सकता है। 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले के किरदार लालू की बेटियां-मीसा भारती, हेमा यादव-भी हैं।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 16 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1905 - लार्ड कर्जन द्वारा बंगाल का प्रथम विभाजन।
- 1939 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया।
- 1951 - पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या की गई।
- 1959 - राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना।
- 1964 - चीन ने अपना पहला परमाणु विस्फोट किया।
- 1968 - हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1984 - दक्षिण अफ्रीका के सामाजिक कार्यकर्ता डेसमंड टुटु को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 1996 - ग्वाटेमाला की राजधानी ग्वाटेमाला सिटी में फुटबॉल मैच के दौरान स्टेडियम में क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने के कारण मची भगदड़ में 84 लोगों की मौत,180 से अधिक घायल।
- 1999 - सं.रा. अमेरिका ने सैन्य शासन के विरोध में पाकिस्तान पर प्रतिबन्ध लगाया।
- 2002 - 14वें एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक विजेता डोपिंट टेस्ट में असफल रहने के बाद भारत की सुनीता रानी का पदक छीना गया।
- 2003 - मलयाली फ़िल्मकार अडूर गोपाकृष्णन को फ्रांस का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कमांडर आफ़ द आर्डर आफ़ आर्ट्स एंड लैटर्स' दिया गया।
- 2004 - दारफुर में मरने वालों का आंकड़ा 70,000 तक पहुँचा। अमेरिका ने इराकी अबू मुसार जल जरकावी के संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किया।
- 2005 - जी-20 देश वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ़ में सुधार हेतु एकमत।
- 2011- भारतीय मूल के धावक 100 वर्षीय फ़ौजा सिंह ने सबसे अधिक उम्र में टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन पूरा करके नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।

## विशेष आलेख

# भूख की आंच में झुलसती मानवता: क्या यही प्रगति है?



प्रो. आरके जैन

जब एक भूखे बच्चे की आँखों में रोटी का सपना धुँधला पड़ता है, तो मानवता की सारी चमक एक पल को थम सी जाती है। न चाँद की उड़ानें, न टेक्नोलॉजी की चकाचौंध, न ही गगनचुंबी इमारतें उस एक निवाले का मोल रखती हैं, जो किसी की भूख मिटा दे। हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस यह कसक जगाता है—यह महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान है: एक ऐसी दुनिया बनाने का, जहाँ हर थाली में पौष्टिक भोजन हो और हर भविष्य सुरक्षित। 2025 की थीम, बेहतर भोजन, बेहतर भविष्य के लिए एकजुटता, हमें भोजन की उपलब्धता, गुणवत्ता और टिकाऊपन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देती है। यह वह सपना है, जहाँ भूख सिर्फ एक भूली-बिसरी कहानी बन जाए।

1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना ने विश्व खाद्य दिवस की नींव रखी, जिसका लक्ष्य था हर इंसान तक भोजन को गरिमा के साथ पहुँचाना। मगर 80 साल बाद भी यह मिशन अधूरा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के मुताबिक, 82.8 करोड़ लोग आज भी भूख की चपेट में हैं—यह आँकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उन माँओं की चुप्पी है, जो अपने बच्चों को भूखा सुलाती हैं; उन किसानों की पीड़ा है, जो दुनिया को खिलाते हुए खुद भूख से जूझते हैं। सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद होता है—इतना कि यह पूरे उप-सहारा अफ्रीका को एक साल तक खिला सकता है। एक ओर खाली थालियाँ बेचैन हैं, तो दूसरी ओर डस्टबिन भोजन से अटे पड़े हैं। यह विडंबना हमसे सवाल करती है: क्या हमारी प्रगति अधूरी नहीं?

भारत में यह संकट और गहरा है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश होने के बावजूद, ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में भारत 127 देशों में से 105वें पायदान पर है। यहाँ 19.4 करोड़ लोग भूखे हैं, और 43त्न बच्चे कुपोषण की मार झेल रहे हैं। अन्नदाता कहलाने वाला किसान कर्ज, बेमौसम बारिश और बाजार की अनिश्चितताओं में फँसकर अपने परिवार को दो जून की रोटी नहीं दे पाता। फिर भी, भारत की मिट्टी में वह शक्ति है, जो न सिर्फ देश, बल्कि पूरी दुनिया को खिला सकती है। 2025 की थीम हमें यही सिखाती है कि सरकार, किसान, वैज्ञानिक और समाज की एकजुटता ही वह पुल है, जो खेतों से थालियों तक भोजन पहुँचाएगा। हाथ में हाथ मिलाकर भूख को इतिहास बना दें।

भोजन का संकट केवल मात्रा का नहीं, बल्कि पहुँच, गुणवत्ता और समानता का है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि 2020 के बाद से खाद्य कीमतों में 20त्न की उछाल ने गरीब देशों में भोजन को और दुर्लभ बना दिया। भारत में राशन प्रणाली और सब्सिडी जैसी योजनाएँ हैं, मगर भ्रष्टाचार और अक्षमता के कारण लाखों जरूरतमंद भूखे रह जाते हैं। इससे भी गंभीर है छिपी भूख की मार—लाखों लोग भोजन तो खाते हैं, लेकिन पोषण की कमी के कारण बच्चों में स्टंटिंग और वेस्टिंग जैसे रोग बढ़ रहे हैं। 2025 की थीम बेहतर भोजन यही माँग करती है कि हम केवल पेट भरने नहीं, बल्कि हर व्यक्ति तक पौष्टिक, संतुलित आहार पहुँचाने पर ध्यान दें, जो उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत को संवारे।

2025 की थीम पर्यावरण और भोजन के अटूट रिश्ते को भी उजागर करती है। जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की घटती उर्वरता, और जल संसाधनों का दोहन हमारी खाद्य प्रणाली को कमजोर कर रहे हैं। एफएओ के मुताबिक, विश्व का 70त्न जल कृषि में खर्च होता है, जिसका बड़ा हिस्सा बर्बाद हो जाता है। सतत कृषि, जैविक खेती, ड्रिप इरिगेशन, और वर्षा जल संचय अब जरूरत बन चुके हैं। हमें स्थानीय, मौसमी भोजन को बढ़ावा देना होगा, ताकि आयात कम हो और किसानों को लाभ मिले। साथ ही, भंडारण और परिवहन में होने वाली बर्बादी को रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना होगा। यह थीम हमें सिखाती है कि बेहतर भविष्य तभी संभव है, जब हम प्रकृति के साथ कदम मिलाएँ। भारत में भोजन केवल भौतिक जरूरत नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का प्रतीक है। अन्नपूर्णा का रूप लिए भोजन गाँवों में मेहमानों को खिलाने का गर्व और एकता का संदेश देता है। मगर आधुनिक उपभोक्तावाद ने हमें फास्ट फूड और पैकेज्ड भोजन की चमक में उलझा दिया, जबकि हम अपनी जड़ों बाजरा, ज्वार, रागी जैसे पौष्टिक और टिकाऊ अनाजों को भूलते जा रहे हैं। बेहतर भोजन हमें अपनी परंपराओं की ओर लौटने और स्थानीय, पर्यावरण-अनुकूल भोजन को अपनाने का आह्वान करता है, जो न केवल सेहत दे, बल्कि धरती को भी बचाए। भारत सरकार की योजनाएँ—राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013, मिड-डे मील, पोषण अभियान, और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना—भूख और कुपोषण से लडऩे की दिशा में अहम कदम हैं। मगर इनकी सफलता समाज की भागीदारी पर टिकी है। भारत में हर साल 67 मिलियन टन भोजन (अनुमानित कीमत लगभग ?92,000 करोड़) बर्बाद होता है—यह एक त्रासदी है। जरूरत के हिसाब से खाना खरीदना, बचे हुए भोजन को दान करना, और सामुदायिक रसोईघरों में योगदान देना जैसे छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। हाथ में हाथ मिलाकर भूख को हराएँ और हर थाली को समृद्ध करें। तकनीक भूख के खिलाफ एक शक्तिशाली हथियार बन सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, और सैटेलाइट्स के जरिए फसलों की निगरानी, सटीक मौसम भविष्यवाणी, और स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखलाएँ भोजन की बर्बादी को कम कर रही हैं। मगर यह ताकत तभी सार्थक है, जब यह भारत के 86त्न छोटे और सीमांत किसानों तक पहुँचे, जिनके पास आधुनिक संसाधनों की कमी है। यदि हम इन किसानों को तकनीक, प्रशिक्षण, और बाजार से जोड़ सकें, तो खाद्य सुरक्षा का सपना हकीकत में बदल सकता है। यह एकजुटता ही खेतों से थालियों तक भोजन का सफर सुनिश्चित करेगी। विश्व खाद्य दिवस हमें सिखाता है कि भूख केवल पेट की नहीं, आत्मा की भी होती है। किसी भूखे को भोजन देना सिर्फ उसका पेट भरना नहीं, बल्कि उसकी गरिमा और उम्मीद को पोषित करना है। "हाथ में हाथ" का मतलब है कि यह जिम्मेदारी हम सबकी है।

# भारत : वैश्विक अर्थव्यवस्था का 'विजेता' और युवा प्रतिभा की ताकत



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*विश्व की प्रमुख रिपोर्टों ने इस बार साफ तौर पर माना है कि ट्रंप टैरिफ जैसी नीतिगत अड़चनें भारत के आर्थिक विकास पर सीमित असर डाल सकी हैं।*

वैश्विक कारोबार के बदलते परिदृश्य में आज भारत हर तरफ से चुनौतियों के बीच अपनी मजबूती और अनोखी पहचान को स्थापित कर रहा है। विश्व की प्रमुख रिपोर्टों ने इस बार साफ तौर पर माना है कि ट्रंप टैरिफ जैसी नीतिगत अड़चनें भारत के आर्थिक विकास पर सीमित असर डाल सकी हैं। इसके विपरीत, भारत की अर्थव्यवस्था ने अपनी रफ्तार और ऊर्जा को बरकरार रखते हुए दुनिया के सामने अपने 'विजेता' बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

**भारत की मुख्य ताकत - विशाल युवा आबादी :** भारत आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला देश है। विश्व रैंकिंग के अनुसार, भारत लगभग 65प्रतिशत युवा जनसंख्या के साथ सबसे आगे है। इस युवा वर्ग की ऊर्जा, नवाचारशीलता और जोखिम उठाने की क्षमता ने हाल के वर्षों में देश को न सिर्फ तेजी से विकसित किया है, बल्कि नया भारत वैश्विक मंच पर 'युवाशक्ति' का प्रतीक बन गया है। यह युवा समूह स्टार्टअप, उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में



नित नई ऊंचाइयां छू रहा है, जिसे आने वाले वर्षों में पूरी दुनिया अपना रोल मॉडल मानेगी।

**स्टार्टअप्स और प्रतिभा - भारत का भविष्य**
इसी ताकत के सहारे, भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप अर्थव्यवस्था बन गया है। भारतीय युवाओं की विभिन्न क्षेत्रों में विवेकशीलता, तकनीकी कौशल और नवाचारी सोच आज वैश्विक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित कर रही है। देश में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे रोजगार, निवेश और विकास के नए द्वार खुल रहे हैं। भारत के प्रतिभावान युवाओं को सही दिशा और अवसर मिले, तो वे अगले दशक में देश को तकनीकी और कारोबारी लीडर बना सकते हैं।

**मोदी नेतृत्व :** आत्मविश्वास और निर्णायक नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों में भी लचीला और निर्णायक दृष्टिकोण अपनाया। आर्थिक सुधारों, जीएसटी संशोधन, डिजिटल इंडिया अभियान और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने भारत को नई आर्थिक शक्ति दी है। मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व ने नीति-सुधारों को जमीन पर लागू कर युवा वर्ग को प्रेरित किया। भारत की नीति अब निवेश, नवाचार और समावेशी विकास की ओर केंद्रित है, जिससे हर नागरिक लाभान्वित हो रहा है।

**नीतिगत सुधारों और नई ऊर्जा का दौर :** भारत में हाल ही में जीएसटी सुधार के बाद घरेलू मांग में उल्लेखनीय बढ़त देखने को मिली है। कारोबारियों के लिए कर्ज और वित्तीय सुविधा, आधारभूत ढांचों का विकास, डिजिटल मार्केटिंग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में सहूलियत ने स्थानीय उद्योगों को भी विश्वस्तरीय पहचान दिलाई है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



धमेन्द्र सिंह यादव
(आईपीएस एसपी भीलवाड़ा)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं देश की युवा व जाँबाज आईपीएस अधिकारी और भीलवाड़ा जिले के पुलिस कप्तान धमेन्द्र सिंह यादव। 1 अप्रेल सन 1987 को बिहार में जन्में धमेन्द्र सिंह शुरू से ही होनहार रहे।

बीटेक (धातुकर्म) की शिक्षा लेने के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए। ये सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत्त भरतपुर ग्रामीण रहे व परिसहाय,माननीय राज्यपाल, राजस्थान जयपुर रहे। भीलवाड़ा की कमान दबंग एसपी के रूप में संभाल रहे हैं। भारतीय पुलिस सेवा के 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी धर्मेंद्र सिंह यादव मूल रूप से बिहार में पटना जिले के पालीगंज गांव से हैं.. बी.टेक करने के बाद वर्ष 2013 में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईपीएस अधिकारी के रूप में 2014 में राजस्थान कैडर मिला हैं जहां उनकी कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां हुई हैं अलवर जिले से प्रोबेशन के साथ सेवाएं शुरू की थी। 2016 में भरतपुर ग्रामीण में एएसपी रहे थे, राजस्थान के राज्यपाल के एडीसी के रूप में नियुक्ति मिली थी, जोधपुर में डीसीपी ईस्ट रहे,एसपी सिरोही, धौलपुर के पद पर रहने के बाद 16 फरवरी 2023 से जोधपुर ग्रामीण एसपी के रूप में काम कर रहे थे। आईपीएस धर्मेंद्र सिंह यादव ने अपने कार्यकाल में 2022 में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी 2022 में धौलपुर एसपी रहते हुए डांग क्षेत्र में केशव डकैत और उसकी पूरी गैंग का सफाया किया था। उन्होंने इस गैंग का पूरी तरीके से नामो निशान मिटा दिया है। इससे वह पूरे प्रदेश में काफी चर्चा में रहे थे।आज भीलवाड़ा एसपी पद को सुशोभित कर रहे हैं। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# क्या आपको भी बनती है बार-बार पेट में गैस? आजमाएं दादी-नानी के ये घरेलू नुस्खे

पेट में गैस की समस्या आजकल हर उम्र के लोगों में आम हो गई है। गलत खानपान, अनियमित दिनचर्या, तनाव और पानी की कमी इसके मुख्य कारण हैं। कई बार गैस के कारण पेट में भारीपन, दर्द, जलन और डकार जैसी परेशानियां होने लगती हैं। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो यह समस्या एसिडिटी, अपच और पेट दर्द में बदल सकती है। कई बार तो दर्द इतना तेज होता है कि लगता है जैसे हार्ट अटैक आ गया हो। ऐसे में कई लोग दवाई खा लेते हैं, हालांकि इससे निजात तो मिल जाता है लेकिन कई बार दवा नुकसान भी करती है। आज हम आपके लिए गैस से छुटकारा पाने के जो घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं उन्हें इस्तेमाल करने की अच्छी बात यह है कि इसके लिए आपको तुरंत दवाओं पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

**हींग और पानी :** -आधा चम्मच हींग को गुनगुने पानी में मिलाकर पी लें। इससे गैस और पेट फूलने में तुरंत राहत मिलती है। आप इस नुस्खे को आजमा सकते हैं।

**-अजवाइन और काला नमक :** अजवाइन और काला नमक तो हर किसी के घर में होता ही है। अगर गैस से परेशान हैं तो आप 1 चम्मच अजवाइन में थोड़ा सा काला नमक मिलाकर दिन में दो बार खाएं। पाचन बेहतर होता है और गैस कम बनती है।

**-सौंफ का पानी :** सौंफ को पानी में उबालें और ठंडा करके पिएं। इससे पेट की जलन, गैस और एसिडिटी तीनों में राहत मिलती है। ये पीने में भी टेस्टी होता है।

**-अदरक का रस :** अदरक का छोटा टुकड़ा चबाएं या उसमें नींबू और नमक मिलाकर सेवन करें। यह पेट में बनने वाली गैस को खत्म करता है। अदरक खाने का स्वाद भी बढ़ाता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर ध्यान देकर आगे बढ़ना होगा। आपको तरक्की करते देख आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं। आपके रुके हुए धन की पूर्ति काफी हद तक हो सकेगी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपके कुछ नए साथी बनेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए इनकम के नए-नए रास्ते खुलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी। आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ सकते हैं। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी कानूनी मामले में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी। माताजी से आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। दान धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आपकी यश व कीर्ति बढ़ेगी और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए वाणी में व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल ना दिखाएं। शिक्षा में आज आप अच्छा नाम काम आएंगे । भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है। ऑफिस में आपके सहयोगी आपके कामो करने में पूरा सहयोग देंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कुछ नई योजनाएं भी बनाएंगे। आपको अपने किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार में बच्चों के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। किसी की मदद के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं।

**कुंभ**
कुंभ राशि के जातकों की भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

## दीपावली को लेकर बाजारों में बढ़ने लगी रौनक, साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य युद्ध स्तर पर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई।(का.स.)।** दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ आना शुरू हो गई है। बाजारों में स्थित रेडिमेड गारमेंटस, क्लाथ स्टोर्स, फेन्सी स्टोर, शूज स्टोर व घरों को सजाने के सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। भीड़ के चलते बाजारों में रोनक बढने लगी है। शहर में जगह-जगह पोस्टर के कॉउण्टर सजे हुए हैं जिन पर लोग अपनी पसन्द के पोस्टर खरीदने में लगे हैं वहीं कई दुकानों के बाहर आतिशबाजी के आईटमों की बिक्री भी शुरू हो गई है। शहरी क्षेत्र के ग्राहकों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक भी खरीदारी कर रहे हैं। इसी प्रकार घरो व ऑफिसो की साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जिसको लेकर रंग रोगन की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है।

## जीतू माहेश्वरी बने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक के संगठन मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक के जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति से जीतू माहेश्वरी को अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक का संगठन मंत्री नियुक्त किया है।

जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल लाला बताया कि इनके मनोनयन से संगठन को नई ऊंचाइयां मिलेगी, वह एक नई दिशा मिलेगी, इनके मनोनयन पर वैश्य समाज के प्रमुख घटकों सहित सभी बंधुओ ने हर्ष व्यक्त किया है, जिसमें ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक गांधी, लक्ष्मी जैन, बिना जैन छामुनिया, रोहित जैन, राजेश मंगल, मथुरा दास भगत, अनिल कासलीवाल, भगवान दास सेठी, ललित विजयवर्गीय, रेखा जाजू, अंजली गुप्ता, अंजलि शेखावटिया, सुरेश जाजू, बलदेव विजयवर्गीय, केदार मेहरवाल, पूरे जिले के वेश्य समाज के सभी प्रबुद्ध जनों ने हर्ष व्यक्त किया है

## चिकित्सा विभाग ने खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल, 325 किलो सोन पपड़ी को किया सीज

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला एवं जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर के नेतृत्व में रिद्धि सिद्धि एजेंसी मालपुरा के गोदाम पर छापा मारकर सोन पपड़ी भगवती ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 325 किलोग्राम सोन पपड़ी को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई। उक्त सोन पपड़ी भगवती ब्रांड की पैकिंग पर निर्माण तिथिए उपयोग में लेने की तिथि व बैच नंबर अंकित नहीं होने के कारण एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार सीज किया गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा तिवाड़ी इंटरप्राइजेज मालपुरा से रसगुल्ला का नमूना,कुंदन मल चंदन मल से गुड़ व हींग का नमूना, बीकानेर मिष्ठान भंडार से मावा एवं मावा बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुर्जर ने बताया कि दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ अविनाश साहू, रामेश्वर प्रसाद, तिलक वर्मा एवं प्रहलाद आदि उपस्थित रहे।

## आज होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया है।

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

उक्त शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था की जा रही है। इसी व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## दीपावली पर आतिशबाजी विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस की लॉटरी प्रक्रिया कल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाने हैं। इसके लिए गंगापुर सिटी स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान को विक्रय स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर, गंगापुर सिटी सुदर्शन सिंह तोमर ने बताया कि अस्थायी दुकानों के लिए स्थल आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। यह लॉटरी एवं स्थल आवंटन का कार्य 17 अक्टूबर को पंचायत समिति सभागार गंगापुर सिटी में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने तहसीलदार गंगापुर सिटी को लॉटरी प्रक्रिया एवं उससे संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## चौधरी मेडिकल स्टोर बालेर का अनुज्ञापत्र निलम्बित

**बढ़ता राजस्थान, सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सहायक औषधि नियंत्रक एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी चन्द्र प्रकाश जाटव ने निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते मैसर्स चौधरी मेडिकल स्टोर, मैन मार्केट, बालेर सवाई माधोपुर का औषधि अनुज्ञापत्र 24 अक्टूबर से 12 नवम्बर तक 20 दिन के लिए अस्थाई रूप से निलम्बित किया है।

### गुणवत्ता से समझौता करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई - डॉ. मीणा

# खाद-बीज में मिलावट और कालाबाजारी पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल का एक्शन, गंगापुर सिटी में की छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रबी फसल की बुवाई के मद्देनज़र किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने की मंशा से कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने खाद-बीज की गुणवत्ता और कालाबाजारी के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को जारी रखते हुए बुधवार को गंगापुर सिटी क्षेत्र में कई स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित बजरंग ट्रेडिंग कंपनी पर छापा मारा गया, जहाँ से विभिन्न प्रकार के खाद एवं बीज के सैंपल लिए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसके साथ ही उदेई मोड़ पर स्थित धर्मेन्द्र ट्रेडिंग कंपनी में संचालक के अनुपस्थित होने के कारण गोदाम को सीज किए जाने की कार्यवाही की गई।

कृषि मंत्री के साथ विभागीय कृषि अधिकारियों की टीम मौके पर मौजूद रही, जिन्होंने स्टॉक, बिल रजिस्टर, खरीद रिकॉर्ड और भंडारण की स्थिति की विस्तृत जांच की।



छापेमारी के दौरान बाबा श्री किशन खाद बीज भंडार पर अवैध उर्वरक भंडार पाए जाने पर कार्यवाही की गई, वहीं न्यू माठा ब्रदर्स पर अवैध गोदाम संचालन के चलते कार्रवाई की गई। डॉ. मीणा ने कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक किसान को उच्च गुणवत्ता का खाद, बीज और कीटनाशक समय पर एवं उचित दर पर मिले। उन्होंने कहा कि खाद या बीज में मिलावट करने वाले और कालाबाजारी में लिप्त व्यक्ति अब किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे ।

उन्होंने बताया कि रबी सीजन की तैयारी के दौरान विभाग द्वारा राज्यभर में गुण नियंत्रण और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत खाद-बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर नियमित जांच और सैंपलिंग की जा रही है।

डॉ. मीणा ने कहा कि खेतों में मेहनत करने वाला किसान हमारी प्राथमिकता है। यदि कोई व्यक्ति उसकी मेहनत के साथ छल करेगा, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त जिलों में कृषि आदान विक्रेताओं, निर्माताओं और गोदामों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए तथा बिना लाइसेंस, अवैध भंडारण या मिलावट पाए जाने पर तत्काल जब्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाए।

इस कार्रवाई से क्षेत्र के खाद-बीज विक्रेताओं में भारी हड़कंप मच गया है, जबकि किसानों में राहत और विश्वास का वातावरण दिखाई दिया है।पूरी कार्रवाई कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक जयपुर कैलाशचंद मीणा के निर्देशन में गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर और आसपास के कृषि अधिकारियों की टीम द्वारा की गई।

## सहकार सदस्यता अभियान में सवाई माधोपुर रहा अग्रणी

### 19 हजार से अधिक नए सदस्य जुड़े

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जिले में आयोजित 'सहकार सदस्यता अभियान के अंतर्गत सवाई माधोपुर जिले की 203 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

सवाई माधोपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक बिजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले की 203 पैक्स में शिविरों का आयोजन किया गया है। जिले में 15 हजार 653 नये सदस्य बनाए जाने के विरुद्ध 19 हजार 156 नए सदस्य बनाए गए जिसमें 11 हजार 603 पुरुष एवं 7 हजार 553 महिलाओ को सदस्य बनाकर सहकारी समितियों से जोड़ा गया



लम्बित आवेदनों में से 1 हजार 95 पात्र कृषकों की आधार सीडिंग तथा 945 पात्र कृषकों की ई-केवाईसी का कार्य किया जा चुका है तथा 27 हजार 777 लोगों को प्रस्तावित कानून के प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओ से अवगत करवाया गया है। भागीदारी रही है और सहकारिता विभाग से संबंधित कार्य अभियान के माध्यम से तीव्र गति से सम्पन्न हुए हैं। इसके अतिरिक्त पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में 'ग्रामीण सेवा शिविरों के अंतर्गत अभियान से संबंधित गतिविधियां संपादित की गई ।

## राजकीय महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजकीय महाविद्यालय टोक में एन सी सी प्रकोष्ठ व साइबर सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने, साइबर अपराधों से बचाव तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य ने कहा कि आज के समय में इंटरनेट, हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, अतः विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता साइबर थाना टोंक से पधारे देवीलाल (एस. आई.) व इन्दरसिंह (सूचना सहायक) रहे। इन्होने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग, ई-मेल्स तथा सोशल मीडिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों प्रदान की। छोटे-छोटे सावधान कदम जैसे मजबूत पासवर्ड का प्रयोग, ओ टी पी साझा ना करना एवं संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना हमें साइबर अपराधों से बचा सकते हैं। लेफ्टिनेंट मो. बाकिर हुसैन ने सोशल मीडिया के उचित प्रयोग व उनसे संबंधित एप्स की सुरक्षा के विषय के बताया। मंच संचालन केडेट्स तनिषा कुमावत ने किया। कार्यक्रम में प्रो. महेश कुमार कुमावत, डॉ. नितेश कुमार शर्मा, डॉ. निमिता गुप्ता, श्रीमती मंजू कुमार मीना एवं डॉ. कजोड़ लाल बैरवा आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम में केडेट्स ने साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाएँ साझा की। कार्यक्रम के अंत में साइबर सुरक्षा समिति के प्रभारी दिनेश कुमार वर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि विद्यार्थी सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को अपनाएँ।

### ग्राम विकास समिति अध्यक्षों की आमसभा

## सरकारी चारा डिपो खोलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।(का.स.)।** सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में डाक बंगला में ग्राम विकास समिति अध्यक्षों की आमसभा की बैठक किसान सेवा समिति अध्यक्ष मदनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बताया कि बैठक में 80 गांवों के ग्राम विकास समिति अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में पशुओं के लिए चारा, बीसलपुर पेयजल, सडक़, चरागाह अतिक्रमण, जंगली सुअरों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने आदि समस्याओं पर चर्चा की गई।

उन्होंने बताया गया कि इस वर्ष अतिवृष्टि के होने से पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो रही है जिस पर महासंघ अध्यक्ष बद्रीनारायण जाट के नेतृत्व में किसान सेवा समिति प्रतिनिधि राजाराम जाट, दयाराम गुर्जर, दामोदरप्रसाद शर्मा, संतोष कंवर व जगदीश बैरवा द्वारा सरकारी चारा डिपो खोलने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

शाखा प्रभारी शर्मा ने अध्यक्षों को संगठन की मजबूती के लिए प्रेरित किया। एक्सेस एग्रीकल्चर द्वारा बनाई गई इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल पर आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाकर किसानों को पोषण वाटिका, किचन गार्डन व पशु उपचार सहित कई विषयों पर जानकारी दी गई। बैठक में संस्था से कन्हैयालाल शर्मा, अर्जुनदेव बैरवा, ममता शर्मा, केदारमल व दिलखुश बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म की कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं नेक्स्ट जन जीएसटी रिफॉर्म की कार्यशाला केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा के आतिथ्य व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। कार्यशाला में आत्मनिर्भरता, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग एवं कर सुधारो पर विस्तृत चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प एवं नेक्स्ट जन जीएसटी सुधार, भारत की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिए गए आत्मनिर्भर भारत के मूलमंत्र और वर्तमान कर सुधारों ने आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत का आधार है। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि जीएसटी सुधार न केवल व्यापारियों एवं उद्यमियों के लिए लाभकारी होंगे, बल्कि कर प्रणाली को अधिक सरल एवं जनता के अनुकूल बनाए है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार से व्यापारियों एवं उद्यमियों को जहाँ कर प्रणाली की जटिलताओं से मुक्ति मिली है, वहीं उपभोक्ताओं को भी वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में स्थिरता का लाभ प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का विजन देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य करेगा ।

देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि जीएसटी सुधारो से गरीब व मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ मिला है। जिससे घरेलू सामान एवं अधिक सुगमता से उपलब्ध होंगे। आत्मनिर्भर भारत अभियान देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भरता के संकल्प से जोडऩे का माध्यम बनेगा। कार्यशाला में पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, प्रधान बनवारी जाट, रामावतार लांगड़ी, महेन्द्र सिरोठा, तरुण टिक्किवाल, राजेश मंगल, वैभव पाटनी, जिला उपाध्यक्ष प्रधान काबरा, बबलू टैंकर, राजेश शर्मा, रमाकांत शर्मा, जिला मंत्री नीलिमा आमेरा, राधेश्याम चांवला, हरिराम यादव, प्रवक्ता विजय मालवानी, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सह-प्रभारी हेमंत सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सैनी, सह-प्रभारी बलवंत मराठा, आईटी संयोजक लोकेश गुप्ता, सह प्रभारी आरव सिसोदिया, शम्भू शर्मा, मोनिका जैन, मंडल अध्यक्ष नन्दलाल छान, धर्मराज गुर्जर, भगवान सैनी, विष्णु चावला, सुरेश काचरिया, अंजलि गुप्ता, पंकज पहाडिया, रामकेश मीणा, नरेंद्र चोपड़ा, हेमराज असवार, सोनु परिडवाल, अनिल कासलीवाल एवं देवराज गुर्जर आदि मौजूद थे।

### गिव अप अभियान के तहत सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने के लिए करें प्रेरित

# एनएफएसए में नाम जुड़वाने से जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति नही रहे वंचित-मंत्री सुमित गोदारा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को टोंक जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोडऩे, गिव अप अभियान, नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग एवंर ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए।

गोदारा ने जिले में गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों से कहा की 89 हजार 982 व्यक्तियों ने गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया है और 1 लाख 60 हजार नए लाभार्थी जुड़े है। इसमें और




गति लाते हुए अभियान की सतत मॉनिटिरिंग कर 31 अक्टूबर तक जिले को दिए गए लक्ष्य के अनुरुप सक्षम लोगों को स्वेच्छा से एनएफएसए से अपना नाम हटवाने के लिए प्रेरित कर प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्ति कार्यालय आकर, स्थानीय उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से एवं ऑनलाईन आवेदन कर खाद्य सुरक्षा का लाभ स्वेच्छा से छोड़ सकते है।

उन्होंने जिले के सभी सक्षम लाभार्थियों से अपील कर कहा की वह अपना नाम स्वेच्छा से हटाये, ताकि जरुरतमंद व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सकें। खाद्य मंत्री ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को इसकी मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। गोदारा ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में कोई कोताही नही हो और आमजन की शिकायतो का शीर्घ्र समाधान सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता समेत अन्य जन-प्रतिनिधि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जयपुर (द्वितीय) के चुनाव : चौथमल कुमावत जिलाध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)** । राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के जयपुर ग्रामीण के जिला चुनाव आदर्श विद्या मंदिर,राजापार्क, जयपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार सैनी, सहायक निर्वाचन अधिकारी होशियार चंद एवं पर्यवेक्षक दीपक शुक्ला, सहायक पर्यवेक्षक अशोक कुमार के निर्देशन में संपन्न हुए। जहां लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया में जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत 213 मतों से निर्वाचित हुए और जिला मंत्री रमेश गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए ।जिला कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष मदन कुमार मीणा, उपसभाध्यक्ष राजकुमार देवंदा व शशिकांत शर्मा, मंत्री रमेश चंद्र गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार, अतिरिक्त जिला मंत्री शंकर लाल बुटोलिया, उपाध्यक्ष (पुरुष) विष्णुदत्त गोरासरा, उपाध्यक्ष (महिला) खामोश कंवर, महिला मंत्री सुनीता शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम बहादुर शर्मा, पंचायत समिति शिक्षक सदस्य योगेंद्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार शर्मा, प्राथमिक शिक्षा कजोड़मल जाट, संस्कृत शिक्षा मदन लाल जाट , सचिव माध्यमिक शिक्षा लल्लू राम शर्मा, प्राथमिक शिक्षा हरफूल सहारण, संस्कृत शिक्षा नानग राम शर्मा, सचिव महिला सपना राठौड़ , वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि अनिल कुमार शर्मा, प्राध्यापक नवदत्त सिंह, संस्कृत शिक्षा वेद प्रकाश यादव, महिला शिक्षक प्रमिला वर्मा, प्रयोगशाला सहायक उमेश कुमार यादव, शारीरिक शिक्षक भरत शर्मा, सेवानिवृत शिक्षक मक्खन लाल शर्मा,प्रबोधक सदस्य मुकेश गहलोत का निर्वाचन कार्य संपन्न किया गया।

## डॉ शानू यादव ने सिलाई प्रशिक्षण शिविर का किया उद्घघाटन



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़(सुभाष यादव)**। संतोष देवी चेरीटेबल ट्रस्ट ज़ख़राना एवं भावना बाल पर्यावरण एवं शिक्षा संस्थान खोहर द्वारा चलाये जा रहे जीवन कौशल शिक्षा अभियान के अंतर्गत बुधवार को क्षेत्र के ग्राम डूमडोली में सिलाई प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर शानू यादव प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा भाजपा राजस्थान रही। डॉक्टर शानू ने बताया राठ क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में अधिक से अधिक महिला परिवारों को इस मिशन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने व अपने परिवार के विकास में सहयोग दें ।सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की शुभकामनाएँ । ट्रस्ट के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांव में सामाजिक उत्थान, खेलकूद व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रशिक्षित महिलाएं व लड़कियां स्वावलंबी बनकर समाज में आगे अपने व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन में अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करें ।इस कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह राघव ,रमेश नेता जी ,बलबीर पंच,रघुवीर महाशय,सीमा बाई,धोली,ममता शर्मा ,बिजेश देवी , पूनम शर्मा , शारदा शर्मा व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सैकड़ो से अधिक महिलाएं व ग्राम के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय रोज़गार मेले का हुआ आयोजन-प्रो. चटर्जी, कुलपति




बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)**। भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर फॉर एस सी /एस टी , जयपुर व यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एन्ड मैनेजमेंट, उदयपुरिया मोड़, चौमू , जयपुर के तत्वाधान में एक दिवसीय विशाल रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का डीप प्रज्वलन के साथ विधिवत शुभारम्भ नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर फॉर एस सी /एस टी , जयपुर के अतुल कुमार सोनू -उप प्रादेशिक रोजगार अधिकारी, महेश कुमार-सूचना सहायक महिला रोजगार कार्यालय, चंद्रप्रकाश मीणा -रोजगार अधिकारी रोजगार विनिमय कार्यालय, जयपुर, यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वेजॉय चटर्जी , रजिस्ट्रार प्रो . डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा आदि ने किया। इस मेले में 30 से अधिक आईटी, आईटी एस, मैन्युफैक्चरिंग, होटल, हॉस्पिटल एंड बैंकिंग क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ने शिरकत कर एक ही छत के निचे रोजगार उपलब्ध करवाएं। रोजगार मेले में 815 लाभार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया जो ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड़ पर रहे। कुल 815 लाभार्थियों में से 291 लाभार्थी चुने गए और उनमे से 49 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर जारी किये गए। चयनित अभ्यार्थी को कम्पनीयों ने अपने पे रोल पर नियुक्ति पत्र जारी किये है। रोजगार मेले में यूनिवर्सिटी के शिक्षकगण, स्टाफ के सदस्य, नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर फॉर एस सी /एस टी , जयपुर विभागीय कर्मचारीगणो के साथ साथ यू ई एम प्लेसमेंट विभाग केअनीश विश्वनाथ, राजा सरकार, शंकर सिंह आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी यूनिवर्सिटी की और से उपनिदेशक-परियोजना संदीप कुमार अग्रवाल ने दी।

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना कैम्प में 21 लाभार्थियों के आवेदन हुए पंजीकृत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)**। राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत बुधवार को नगर पालिका राजगढ़ में विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक और लोक कलाकार इस योजना में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकृत लाभार्थियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3 हजार प्रतिमाह पेंशन राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी शिविर में कुल 21 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनका सफल पंजीकरण किया गया। सीओ मीनाक्षी मिश्रा ने बताया कि पीएम स्वनिधि ऋष्ण योजना के अंतर्गत नगर पालिका राजगढ़ से 7 आवेदन प्राप्त हुए हैं राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, अलवर से आए विनोद शर्मा और रामबाबू गुर्जर ने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 100 रूपए मासिक प्रीमियम देना होगा।

सीएचसी एवं टीबी यूनिट का औचक निरीक्षण

# एसटीडीसी अजमेर निदेशक डॉ. इंदरजीत सिंह बोले हर मरीज को मिले गुणवत्तापूर्ण उपचार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)**। एसटीडीसी अजमेर के निदेशक डॉ. इंदरजीत सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ एवं टीबी यूनिट की सीबीनाट साइट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाट साइट लैब, आउटडोर, एक्स-रे रूम, इंजेक्शन रूम, टीकाकरण कक्ष, डीडीसी पर्ची काउंटर, रिसेप्शन, इमरजेंसी, वार्ड और गायनिक वार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण के समय निदेशक ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज की गुणवत्ता व उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब तकनीशियनों एवं एक्स-रे कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आने वाले रोगी को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध करवाया जाए डॉ. सिंह ने विशेष रूप से टीबी यूनिट की बलगम जांच की गुणवत्ता, उपचार रिकॉर्ड और अभिलेखों की जांच की।




उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वल्नरेबल आबादी की 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग और जांच सुनिश्चित की जाए प्रत्येक सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आउटडोर से 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत संभावित रोगियों की रेफरल जांच, तथा उप-स्वास्थ्य केंद्रों से बलगम व एक्स-रे जांच अनिवार्य रूप से की जाए उन्होंने कहा कि फिजिशियन, टीवी/चेस्ट फिजिशियन , ऑर्थोपेडिशियन पीडियाट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट सभी विशेषज्ञों द्वारा टीबी की स्क्रीनिंग और जांच करवाना आवश्यक है टीबी की पुष्टि होने पर रोगी का तत्काल उपचार शुरू किया जाए, साथ ही उसका बैंक खाता, एचआईवी और शुगर जांच, तथा कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग भी सुनिश्चित की जाए डॉ. सिंह ने सीएचओ एवं एएनएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक रोगी की लोकेशन अपडेट करें और सभी संपर्कों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) एवं डिफरेंशिएटेड टीबी केयर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि टीबी रिकॉर्ड जैसे रजिस्टर, ट्रीटमेंट कार्ड, फॉलोअप रिकॉर्ड सीएचसी से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र व आशा सहयोगिनी स्तर तक सुव्यवस्थित रखे जाएं। निरीक्षण के दौरान डॉ. रामचंद्र यादव, डॉ. सत्यप्रकाश मीणा, डॉ. जितेंद्र पाल मीणा, डॉ. गोविंद सहाय, ब्लॉक उपचार पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार शर्मा, मुकेश कुमार सोनी, अशोक कुमार, गगन मेहंदी रत्ता, मांगीलाल मीणा, राजेंद्र कुमार शर्मा, शेर सिंह सोनी, अतेंद्र शर्मा, राजेंद्र कुमार बैरवा, सुशील शर्मा और हरि सिंह यादव सहित सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 4 माह से वेतन नहीं, दीपावली पर अंधेरे में सफाई कर्मी

भवानी सहाय चौक पर मार्ग अवरुद्ध कर जताया रोष,ठप हुई सफाई

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)**। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार से पहले राजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विगत चार माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज़ सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को पंडित भवानी सहाय चौक पर मार्ग अवरुद्ध कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।



इस दौरान कर्मचारियों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेतन भुगतान की मांग की प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे चार माह से लगातार बिना वेतन के काम कर रहे हैं, लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक वे सफाई कार्य नहीं करेंगे ठेका नहीं, सीधे पालिका से कार्यरत कर्मचारी जानकारी के अनुसार नगरपालिका द्वारा सफाई का ठेका किसी ठेकेदार को नहीं दिया गया है सफाई कर्मी सीधे पालिका के अधीन कार्यरत हैं ऐसे में वेतन भुगतान की जिम्मेदारी भी सीधे नगर पालिका पर ही आती है चार माह से वेतन बंद रहने के कारण अधिकांश कर्मचारियों के घरों में आर्थिक संकट खड़ा हो गया है दीपावली से पहले गंदगी का ढेर से नगर के मुख्य बाजारों, गलियों और मोहल्लों में गंदगी फैलने लगी है। दीपावली जैसे स्वच्छता और रोशनी के पर्व से पहले सफाई कार्य रुकने से नगरवासी भी चिंतित हैं। आमजन का कहना है कि हर वर्ष दीपावली से पहले शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता था, लेकिन इस बार सफाई कर्मियों के विरोध के चलते सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए हैं कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक खातों में वेतन नहीं पहुंचता, तब तक सफाई कार्य नहीं करेंगे। ऐसे में दीपावली से पहले नगर में स्वच्छता व्यवस्था का ठप होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है।

**इनका कहना है**

नगरपालिका के पास बजट आ गया है। जैसे ही बजट आया, हमने यहाँ से सेंक्शन कर दिया है। अब फाइल ट्रेजरी में है, वहाँ से पास होते ही कर्मचारियों के खाते में राशि आ जाएगी।

**सतीश दुहारिया,** नगरपालिका अध्यक्ष राजगढ़

## खबर का असर: बानसूर में आँगनबाड़ी कार्मिकों को अब मानदेय मिलना हुआ शुरू

### पिछले 6 महीनों से इनका मानदेय था बकाया

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)**। राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर तहसील में लंबे समय से चली आ रही आँगनबाड़ी कार्मिकों की मानदेय भुगतान की समस्या आखिरकार हल हो गई है। बढ़ता राजस्थान की एक खबर ने प्रशासन तक इन कार्मिकों की समस्या को पहुँचाया, जिसके फलस्वरूप अब आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उनका हकदार मानदेय मिलना शुरू हो गया है ।बानसूर क्षेत्र में सैकड़ों आँगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जहां कार्यकर्ताएं और सहायिकाएं कुपोषण उन्मूलन, टीकाकरण, पोषण वितरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति महिलाओं को जागरूक करती हैं। पिछले कई महीनों से इन कार्मिकों को मानदेय भुगतान में देरी हो रही थी, जिससे उनका आर्थिक संकट गहरा गया था। दैनिक बढ़ता राजस्थान की खबर ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया, जिसमें परिणाम स्वरूप आँगनबाड़ी कार्मिकों को उनका मानदेय मिलना शुरू हुआ।

मानदेय मिलना शुरू होने से आंगनबाड़ी कार्मिकों ने विभाग व प्रसाशन का आभार प्रकट किया हैं।

## सखी सहेली ग्रुप ने मनाया करवां चौथ व दिवाली उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)**। सखी सहेली ग्रुप की ओर से करंवा चौथ एवं दिवाली उत्सव का आयोजन होटल ओरनेट में किया गया।। जिसमें सभी महिलाओं ने इसको भव्य एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न खेल, प्रतियोगिता, डांस एक्ट दिवाली से संबंधित किए गये। सभी महिलाओ द्वारा सोलह श्रृंगार कर उत्सव को मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमिला गुप्ता एवं पूनम जी ने किया सभी प्रतियोगिताओं में पुरस्कार देकर सभी को सम्मानित किया गया। इस उत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने सनातन धर्म को परंपरागत तरीके से एवं विधि विधान से गणेश पूजन कर मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने नीरू सैनी जी का विशेष सहयोग रहा

अंत में रजनी सैनी एवं दीपा खण्डेलवाल द्वारा सभी महिलाओं का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने दिवंगत करण मल्होत्रा के शोक संतप्त परिवारजनों को बंधाया ढांढस

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)**। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने आज अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देसूला पहुंचकर दिवंगत करण मल्होत्रा की अपराधिक तत्वों द्वारा की गई हत्या पर दुख प्रकट कर शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने परिवारजनों को भरोसा दिलाया कि पुलिस गंभीरता से अपराधियों को गिरफ्तार करने का कार्य कर रही है, चार अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, बाकी अपराधियों को भी जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही की जाएगी। ऐसी घटना का सभ्य समाज में कोई स्थान नही, इस पर सख्त कार्रवाई कर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया जाएगा।

## शिवालिक स्कूल ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़(सुभाष यादव)**। बुधवार को शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पावन पर्व दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामकला यादव रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गजेंद्र , महिला अधिकारी विभाग से मनीषा, मंथन फाउंडेशन से डॉ पीयूष डॉ सविता गोस्वामी , शिक्षा विभाग से आरपी हंसराज , राकेश यादव रहे।

इस समारोह पर शिवालिक विद्यालय द्वारा मंथन फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों को दीपावली उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस समारोह में संस्था के द्वारा जिला व राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता 2025 मे चयनित विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया जिसमें 14 वर्षीय छात्र कबड्डी जिला स्तर पर प्रथम स्थान, 17 वर्षीय छात्रा कबड्डी मे जिला स्तर पर तृतीय स्थान, 19 वर्षीय छात्र बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय स्थान, एथलेटिक्स 19 वर्षीय छात्र ऊंची कूद में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान एवं रोलर स्केटिंग 17 वर्षीय छात्र में जिला स्तर पर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।संस्था के कुल 11 विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ। इस समारोह में संस्था द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता, दिया मेकर तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता टॉप 3 विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।



संस्था के चेयरमैन वरुण कुमार यादव ने दीपावली के पावन पर्व पर बताया कि बच्चों को दीपक की भांति स्वयं जलकर अर्थात विद्यार्थियों कोअपने माता-पिता समाज देश का नाम रोशन करने का संदेश दिया। और कहा कि राह संघर्ष की जो चलता है, वही संसार बदलता है। स्कूल प्रधानाचार्य रमेश कुमार सुथार ने सभी मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और बताया कि स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद का विशेष महत्व है।

ये कौन चित्रकार है.. नेक कमाई फाउण्ड़ेशन का अनुपम प्रयास

# बाजार में सामान बेचने वाले बच्चों को बांटे उपहार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (रूपक शर्मा)**। प्रसिद्ध भजन गायकार प्रदीप का एक भजन है ना ये कौन चित्रकार है.. ये कौन चित्रकार है। ये भजन सच में उन लोगों के लिए ही है जो समाज में नेक कार्यो के जरीए उस मालिक की कायनात में रंग भरते हैं खासकर उन लोगों के बीच में जिनके किन्ही कारणों या प्रारब्ध के कारण नन्ही सी उम्र में संघर्ष के दौर से गुजरना पड़े।

नेक कमाई फाउण्ड़ेशन से जुडे लोग भी ऐसे ही चित्रकार हैं जिन्होनें अपने नेक इरादों से समाज को नई दिशाए दी हैं। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दिपावली पर पटरी पर और घूमते हुए सामान बेचने वाले बच्चों और महिलाओं को उपहार दिए गए जिससे घंटाघर पर एक बार हैपी दिपावली के घोष से वातावरण गूंज उठा। नेक कमाई फाउंडेशन के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि संरक्षक दौलत राम हजरती ने एक बच्ची को सूट देकर इस अभियान की शुरूआत की। इसके तहत बच्चों और महिलाओं को चश्में,शॉल,साडियां, सूट, मिठाई,बिस्कुट,पानी की बोतल, हाथ में पहनने के ज्वैलरी वाले कड़े, गर्म टोपी सहित कपड़े वितरित किए।



जब यह उपहार बांटे जा रहे थे तो यहां काफी संखया में बच्चों ने हैपी दिवाली के नारे लगाए। कार्यक्रम में नेक कमाई के महिला स्वावलंबन कार्यक्रम की प्रोजेकट डायरकेटर बिंदू कपूर, इवेंट हैड रेखा महलावत, युवा प्रकोष्ठ संयोजक निष्ठा नारंग, सहित कंचन तनेजा, गंगा वाधवा, पल्लवी सपड़ा, उमेश दुआ, मानवेन्द्र सिंह, उगंती मीणा और अर्चना सिंह थे।

**घरों तक जाएंगे मिठाई देने**

नेक कमाई के इस अभियान के तहत दीपावली तक बहुत से जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर उन्हें मिठाइयां और उपहार देंगे। संरक्षक दौलत राम हजरती ने लोगों से अपील की है कि आपके आस.पास जरूरतमंद परिवारों की दीपावली पर मदद करें और उनके जीवन में खुशी लाए। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल और मीना तनेजा ने भी लोगों से दीपोत्सव की खुशी हर घर तक पहुंचाने को कहा है। इस कार्यक्रम में सहयोग डा.गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट का रहा। ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद परिवारों को कपड़े व उपहार दिए जा रहे हैं।

## सेना एवं प्रशासन के अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा, विभागों को तैयारी करने के दिये निर्देश।



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** प्रदेश की तीसरी सेना भर्ती रैली 29 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम, कोटा में आयोजित होगी, जिसमें 18 जिलों के युवा भाग लेंगे। भर्ती की तैयारियों को लेकर सेना भर्ती निदेशक कर्नल अतुल कुमार एवं नोडल अधिकारी एडीएम (शहर) अनिल कुमार सिंघल ने स्टेडियम का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस विभाग को भर्ती स्थल पर कंट्रोल रूम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, रोडवेज को बसों की उपलब्धता, आईटी विभाग को सीसीटीवी व इंटरनेट व्यवस्था, तथा सीएमएचओ को मेडिकल टीम, एम्बुलेंस व दवाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पीएचईडी को स्वच्छ पेयजल, जेवीवीएनएल को विद्युत व्यवस्था बनाए रखने, जबकि नगर निगम, केडीए, पीडब्ल्यूडी, परिवहन व खेल विभाग को अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारीगणों ने रैली के सुचारू आयोजन के लिए सभी तैयारियों की समीक्षा की।

## रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में 4 अटल प्रगति पथ निर्माण की मिली मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा (प्रमोद राठौर)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के प्रयासों से रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का जाल बिछ रहा है। मंत्री बनने के बाद से मदन दिलावर ने क्षेत्र में सडकों के निर्माण और अन्य विकास कार्यों को गति दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के तहत राज्य सरकार ने रामगंजमंडी में चार अटल प्रगति पथ निर्माण की मंजूरी दी है। इसके लिए कुल 14.48 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पहला पथ ग्राम पंचायत सातल खेड़ी में सातल खेड़ी से लक्ष्मीपुरा चौराहा होकर अख्तर भाई की बस्ती शमशान घाट तक 1.60 किलोमीटर लंबा होगा (3.46 करोड़ रुपए)। दूसरा पथ खैराबाद में एसएच 9ए से रिछडिया रोड होकर शमशान घाट तक 1.50 किलोमीटर (3.69 करोड़ रुपए) होगा। तीसरा पथ चेचट गांव से स्टेट हाईवे 9ए होते हुए गायत्री मंदिर और रावण चौक तक 1.50 किलोमीटर (4.36 करोड़ रुपए) होगा। चौथा पथ मोडक स्टेशन से मोडक़ बायपास होते हुए एमडीआर-08 तक 1 किलोमीटर लंबा होगा (2.97 करोड़ रुपए)। इन सभी पथों का निर्माण जल्द ही प्रारंभ होगा और क्षेत्र में संपर्क सुविधाओं को और मजबूत करेगा।

## कोटा में पटवारी प्रधान चौधरी 45 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**खतोली/कोटा, जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय, जयपुर के निर्देश पर कोटा एसीबी स्पेशल यूनिट ने कार्रवाई करते हुए प्रधान चौधरी, पटवारी पटवार हल्का कैथुदा, उप तहसील खातौली, जिला कोटा को 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अतिरिक्त महानिदेशक एसीबी श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी कृषि भूमि ग्राम बगावदा की पैमाइश करवाने के लिए पटवारी प्रधान चौधरी 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी ने पहले 5 हजार रुपये लिए थे और शेष राशि दीपावली से पहले देने की बात कही थी। एसीबी रेंज कोटा के डीआईजी आनन्द शर्मा के पर्यवेक्षण में एएसपी मुकुल शर्मा के निर्देशन में आज ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रधान चौधरी को 45 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है।

## भारतीय परिधानों में सजे मॉडल्स ने किया आकर्षक कैटवॉक



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** विजयश्री रंगमंच पर बुधवार शाम कुतुर इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित परिधान उत्सव ने माया नगरी जैसा माहौल बना दिया। कार्यक्रम में मॉडल्स ने कोटा डोरिया और खादी से बने परिधानों में कैटवॉक कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आठ राउंड आयोजित किए गए, जिनमें हैंडलूम कोटा डोरिया साड़ी, कालबेलिया थीम, किड्स शो, लहरिया इंडोवेस्टर्न और वेस्टर्न कलेक्शन शामिल थे। बच्चों ने पारंपरिक और वेस्टर्न ड्रेसेस में रंग-बिरंगा प्रदर्शन किया। छठे राउंड में मॉडल्स ने खादी पहनकर वेस्टर्न म्यूजिक पर प्रस्तुति दी। निदेशक पुजा राजवंशी ने बताया कि यह मंच खादी और कोटा डोरिया के प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर है। इस दौरान मेला समिति अध्यक्ष महेश गुप्ता, आनंद राठी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## महामहिम राष्ट्रपति के नाम भिनाय उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर भिनाय कस्बे के उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में बुधवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पर जूता फेंकने, आई पी एस पूरन को आत्महत्या करने को मजबूर करने व ग्वालियर में बाबा साहब को अपमानजनक शब्द कहने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर क्षेत्र के बहुजन समाज अम्बेडकरवादी संगठन ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी को दिया ज्ञापन। ज्ञापन में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंक कर अपमानित करने वाले व ड्डक्कस् पूरन को आत्महत्या के लिए मजबूर करने तथा ग्वालियर में बाबा साहब को अपमानजनक शब्द कहने वाले असंवैधानिक तत्वों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग की।

### डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वयं किया जयपुरिया चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

# जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया राजकीय अस्पतालों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में बुधवार को जिले के विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उपखंड अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, तहसीलदारों ने अपने क्षेत्र के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों तथा नायब तहसीलदारों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अग्निशमन प्रबंधन, दवाओं एवं संसाधनों की उपलब्धता, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वयं राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल, डिप्टी सीएमएचओ (हेल्थ) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल तथा डिप्टी कंट्रोलर श्री राजाराम उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने प्रवेश द्वार, आपातकालीन ईकाई, कॉरिडोर सहित 29 स्थानों पर स्थापित अग्निशमन यंत्रों का निरीक्षण किया और पानी के प्रेशर व कार्यक्षमता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी आकस्मिक आगजनी की स्थिति में निपटने हेतु अग्निशमन इकाई पर 24म7 कर्मचारी तैनात रहें और समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि अस्पतालों में विद्युत व्यवस्था का नियमित निरीक्षण आवश्यक है, ताकि ढीली वायरिंग या ओवरलोड जैसी समस्याओं से शॉर्ट सर्किट की संभावनाएं समाप्त हो सकें। कलक्टर ने आपातकालीन ईकाई का निरीक्षण करते हुए व्यर्थ पड़ी सामग्री के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्यू मैनेजमेंट सिस्टम का अवलोकन किया, उसकी सराहना की और कुछ तकनीकी सुधार सुझाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज की आगमन आईडी अनिवार्य रूप से बनाई जाए। पंजीकरण काउंटर के निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने कार्मिकों से आईएचएमएस एवं आभा आईडी की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली और संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त भंडारण और ड्राइवरों की उपलब्धता बनी रहे, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर उन्होंने एक महिला मरीज का ममता कार्ड देखकर उससे स्वास्थ्य लाभ, टीकाकरण एवं चिकित्सा सुविधा से संबंधित जानकारी ली। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निरीक्षण के दौरान मौसमी बीमारियों की रोकथाम, टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना और अस्पताल प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## स्वदेशी के मंत्र से ही हम विश्व शक्ति बनेंगे- ऊर्जा मंत्री नागर

### युवाओं और महिलाओं को बनना होगा स्वदेशी के ब्रांड एंबेसेडर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,(विनोद गौड़)।** सांगोद स्थित किराड़ धर्मशाला में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान समारोह में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि स्वदेशी का मंत्र ही भारत को विश्व शक्ति बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रहा है। देश में हथियारों से लेकर मोबाइल तक विश्व स्तरीय उत्पाद बन रहे हैं, जिन्हें स्वदेशी के मंत्र से ब्रांड बनाया गया है।

नागर ने कहा कि युवाओं और महिलाओं को स्वदेशी के ब्रांड एंबेसेडर बनना होगा। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए। विधायक ललित मीणा ने कहा कि यह धारणा बदलनी होगी कि विदेश में बना उत्पाद श्रेष्ठ है। दीपावली पर खरीदारी स्थानीय बाजारों से करें ताकि भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिले।

कार्यक्रम में विशाल शर्मा, दिलीप गर्ग, प्रेम गोचर, मुकेश मेघवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बाद में मंत्री नागर ने गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया।

## आदर्श विद्या मंदिर उमावि महूपुरा में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जयंती एवं दीपावली पर्व मनाया

बढ़ता राजस्थान




**रावतभाटा (नि.स.)।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महूपुरा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओं के प्रेरणास्रोत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। आचार्य श्रीमान दिनेश कुमार माली ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. कलाम का जीवन स्वयं में एक प्रेरणादायक मिसाल है। उनके सम्मान में प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दीपावली पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह उत्सव उत्तरी गोलार्ध की शरद ऋतु में कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। दीपावली भारत के सबसे बड़े और प्रमुख त्यौहारों में से एक है, जो आध्यात्मिक रूप से अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव द्वारा मां लक्ष्मी की महाआरती की गई, जबकि कार्यालय प्रमुख श्रीमान नरेंद्र नाथ जंगम ने गणेश जी की आरती श्रद्धापूर्वक संपन्न की। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

## राजसी परंपराओं के अनुरूप राव साहब दलेल सिंह का तिलक उत्सव संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय कस्बे स्थित भव्य एवं ऐतिहासिक भिनाय गढ़ राजमहल में बुधवार को राजसी परंपराओं और कुल मर्यादाओं के अनुरूप राव चन्द्रसेनोत वंश के 23वें वंशज राव साहब दलेल सिंह का तिलक उत्सव वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।

पंडित महेंद्र कुमार जोशी, अनिल कुमार जोशी और ब्रजेश सूंठवाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हुए इस पारंपरिक तिलक समारोह में ढोल-ढमाकों और शहनाई वादन की गूंज से भिनाय गढ़ प्रांगण राजसी माहौल में सराबोर हो उठा। कुल देवी 'नागनेच्या माताजी' एवं 'भगवान श्रीगोवर्धननाथजी' की कृपा से संपन्न इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से चन्द्रसेनोत जोधा राठौड़ वंश के सैकड़ों वंशज गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत गोवर्धननाथजी की पूजा-अर्चना एवं वैदिक अनुष्ठान से हुई। परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार प्रातः 11:15 बजे राव साहब दलेल सिंह को भिनाय गढ़ के पाट पर विधिवत तिलक कर विराजमान किया गया।

इस दौरान सर्वप्रथम देवलिया ठिकाने के कुंवर अक्षराज सिंह जोधा ने राव साहब दलेल सिंह का पाग दस्तूर किया।

## 10 से अधिक स्थानों पर सजेंगे स्टाल,किफायती व गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद पहुँचाना सहकारी उपभोक्ता भण्डार का ध्येय - आर के बिरला

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (श्याम प्रसाद गौड़)।** दीपोत्सव पर कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. ने एक बार फिर किफायती और गुणवत्ता युक्त उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला लेकर तैयारी कर ली है। अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला एवं नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि शहर में घोड़ेवाले चौराहा, केनाल रोड, तलवंडी, कॉमर्स कॉलेज रोड और महाराणा प्रताप सर्किल कुन्हाड़ी सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष काउंटर लगाए गए हैं।

लोकप्रिय शिवाकाशी के मुर्गाछाप ब्रांड के पटाखों पर एमआरपी से 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं एमएमटीसी के शुद्ध चांदी के सिक्के 10 ग्राम से 100 ग्राम तक के माप में 2140 से 21240 रुपये तक की दरों पर उपलब्ध हैं। भण्डार में बीकाजी, बिकानो, हल्दीराम सहित विभिन्न कंपनियों की मिठाइयां, नमकीन और स्नैक्स रियायती दरों पर मिलेंगे। महाप्रबंधक बीना बैरवा ने बताया कि पिछले वर्ष 1 करोड़ रुपये के पटाखे, 10 लाख की मिठाई व 8.5 लाख के चांदी-सोने के सिक्कों की बिक्री हुई थी। इस वर्ष 1.25 करोड़ रुपये की बिक्री का लक्ष्य रखा गया है। अतिरिक्त रजिस्ट्रार बलविन्दर सिंह गिल ने कहा कि भण्डार जनता को शुद्ध और उचित दर पर उत्पाद उपलब्ध कराने के संकल्प पर कार्य कर रहा है।

### क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति की रबी 2025-26 की बैठक सम्पन्न

# खेती के साथ तकनीकी परीक्षकों को भी अपनाये किसानः कोठारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** कमान क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के अतिरिक्त आयुक्त कुशल कोठारी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति की रबी 2025-26 की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाड़ौती क्षेत्र की रबी फसलों की स्थिति, मिट्टी की उर्वरता तथा जैविक, ऑर्गेनिक और उन्नत खेती की विधियों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई।

अतिरिक्त आयुक्त कोठारी ने कहा कि किसानों को श्रेणीवार एक ही क्षेत्र में जैविक और रासायनिक खेती का तुलनात्मक प्रयोग करना चाहिए, जिससे उत्पादन, गुणवत्ता और भूमि स्वास्थ्य पर इनके प्रभावों का मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने कहा कि मिट्टी परीक्षण किसानों की प्राथमिकता होनी चाहिए और उर्वरक का उपयोग केवल परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को जैविक, ऑर्गेनिक और उन्नत खेती तकनीकों का प्रशिक्षण नियमित रूप से दिया जाए, ताकि वे आधुनिक पद्धतियाँ अपनाकर उत्पादकता और गुणवत्ता दोनों बढ़ा सकें। बैठक में बताया गया कि कोटा क्षेत्र की मिट्टी और नमी चना फसल के लिए उपयुक्त है, साथ ही गेहूं, सरसों, मसूर और जौ भी प्रमुख रबी फसलें हैं।

कोठारी ने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती के समावेश से रासायनिक निर्भरता कम होगी, जिससे पर्यावरण, मिट्टी और मानव स्वास्थ्य का संरक्षण संभव होगा।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक कृषि अशोक कुमार शर्मा, क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान बी.एस. मीणा, संयुक्त निदेशक अतिश शर्मा, उपनिदेशक कृषि अब्दुल खान, सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी आसाराम बंजारा, सर्फराज अहमद, कृषि पर्यवेक्षक एवं कृषक उपस्थित रहे।

## श्रीनाथजी के शरण में पहुंचे गुजरात के मंत्री ने किए शयन झांकी के दर्शन



बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा (नि.स.)।** गुजरात के वन एवं सांस्कृतिक मंत्री मनुभाई बेरा ने श्रीनाथजी मंदिर पहुंचकर प्रभु की शयन झांकी के दर्शन किए और दिव्य अनुभूति प्राप्त की। दर्शन के पश्चात मंत्री का महाप्रभुजी की बैठक में श्रीकृष्ण भंडार के अधिकारी सुधाकर उपाध्याय ने मंदिर परंपरा के अनुसार प्रसाद भेंट किया तथा ऊपरना ओढ़ाकर समाधान किया।इस अवसर पर सहायक अधिकारी अनिल सनाढय एवं तिलकायत सचिव लीलाधर पुरोहित भी उपस्थित रहे। उन्होंने मंत्री को श्रीनाथजी मंदिर की परंपरा, संस्कृति और सेवा प्रणाली से अवगत कराया।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत मनाया गया अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** 15 अक्टूबर 2025 को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आज महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय बाडी में अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 100 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में पोषण साक्षरता और संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक बेहतर और स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हर आयु वर्ग के लोगों को अपने भोजन में कार्बोहाइड्रेट, मौसमी फल, हरी सब्जियाँ, कैल्शियम, आयरन और फॉलिक एसिड जैसे पोषक तत्व अवश्य शामिल करने चाहिए। साथ ही उन्होंने लोगों से जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाए रखने की अपील की।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी भागवत शरण त्यागी एवं विशिष्ट अतिथि उतम चंद बंसल नायब तहसीलदार बाडी रहे। उन्होंने कहा कि कुपोषण को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि संतुलित आहार, स्वच्छता और जनजागरूकता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। एसडीएम ने महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पोषण माह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है, जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक पुष्पेंद्र सिंह, सभी महिला पर्यवेक्षक एवं वात्सल्य संस्थान से विक्रम कुमार मंडल भी उपस्थित रहे।

## हरियाणा इलेवन ने सी ई ए मथुरा को 9 रन से और महाराजा सूरजमल एकेडमी भरतपुर ने डीग ब्लास्टर को 147 रन से हराया



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग में के एल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित चैंपियन ट्रॉफी डीग में बुधवार को हुए पहले मुकाबले में हरियाणा इलेवन ने सी ए ई मथुरा को रोमांचक ढंग से 9 रन से पराजित किया।जबकि दूसरे मैच में महाराजा सूरजमल एकेडमी भरतपुर ने डीग एकेडमी को एक तरफा मुकाबले में 127 रन हराया। पहले मैच में हरियाणा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 167 रन बनाए। जिसमें मैंन ऑफ द मैच रहे चंद्रपाल सैनी ने 32 रनों का शानदार योगदान दिया। जिसके जवाब में सी ई ए मथुरा की टीम चंद्रपाल द्धारा की गई घातक गेंदबाजी की बदौलत 20 ओवर में महज 158 रन बनाकर आउट हो गई जिसमें जगदीश चौधरी ने 32 रन और विनय भारद्वाज ने 35 रनों का योगदान दिया।

दूसरे मैच में महाराजा सूरजमल क्रिकेट एकेडमी भरतपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 158 रन बनाए।जिसमें रितिक ने लगातार छह चौके लगाए और 2 छक्कों की मदद से 43 रन की बेहतरीन पारी खेली। जिसके जवाब में डीग ब्लास्टर की टीम महज 7 ओवर में 31 रन पर आउट होकर 127 रन से मैच हार गई। जिसमें कपिल ने 3 विकेट लिए ,मेन ऑफ द मैच रितिक रहे।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वारः दूषित 155 किलो मिठाई एवं 80 किलो चासनी कराई नष्ट

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय्)।** दीपावली त्यौहार के ऊपर चलाए जा रहे अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत डॉक्टर टी शुभ मंगला आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार बुधवार 15 अक्टूबर 2025 को भरतपुर शहर में बिजली घर चौराहा पर स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार के निर्माण इकाई पर आज निरीक्षण एवं नमूनीकरण किया गया निरीक्षण के दौरान पाया गया भंडारण क्षेत्र में बहुत जगह अस्त-व्यस्त फैला हुआ सामान था एवं साफ सफाई संतोषप्रद नहीं थी जिसके कारण इनको धारा 32 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस दिया गया है एवं उनके यहां से क्रमशः तीन सैंपल रसगुल्ला छेना मिठाई, गुलाब जामुन एवं मीठा मावा का नमूना लिया गया एवं उनके यहां लगभग 155 किलो दूषित व खराब मिठाइयों को नष्ट किया गया तथा लगभग 80 किलो खराब चासनी एवं रसगुल्ला जिसमें बहुत सारी चीटे थे उनको नष्ट कराया। इसके बाद टीम ने सेवर क्षेत्र में बंसी चार्ट एवं स्वीट कॉर्नर से बेसन लड्डू एवं चौधरी स्वीट कैटरर्स सेवर तिराहे से मावा बर्फी का सैंपल लिया। इन सभी कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा रूप सिंह एवं रोशन लाल यादव उपस्थित रहे।



### दुकानों के आगे रोड पर खड़े वाहन और आते-जाते राहगीर हो रहे हैं परेशान

# शहर में निर्माण स्वीकृति के विपरीत व्यावसायिक भवनों के निर्माणों की शिकायत का जिम्मा यातायात पुलिस का

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** शहर के व्यस्तम मार्गों एवं प्रमुख बाजारों में स्वीकृति के विपरीत कराए जा रहे व्यावसायिक भवनों में पार्किंग के अभाव की शिकायत का जिम्मा यातायात पुलिस का है। मजेदार बात यह है कि यातायात पुलिस ने आज तक नगर परिषद् में पार्किंग के अभाव की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। परिषद् को शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने का अधिकार है। आमजन कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने के भय से शिकायत दर्ज नहीं कराते हैं। पार्किंग के अभाव में दोपहिया, तिपहिया व चौपहिया वाहन चालक वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़े कर दुकानों व बैंकों के कार्य करते हैं। मामला कई दिनों की खोजबीन के बाद सामने आया है।



शहर में पार्किंग के अभाव में यातायात अवरुद्ध होने की ज्वलंत समस्या है। राष्ट्रीयकृत बैंक प्रशासन ने बैंक संचालन के लिए भवन तो किराए पर ले लिए पर उन्होंने पार्किंग के लिए स्थान है या नहीं, नजरन्दाज कर दिया। कचहरी में एसबीआई बैंक, पुराने डाकखाने के पास एसबीआई व एचडीएफसी बैंक, नए बस स्टैंड के निकट बैंक ऑफ बड़ौदा, हरदेव नगर में पंजाब नेशनल बैंक आदि संचालित हैं पर वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग व्यवस्था नहीं है। पार्किंग के अभाव में ग्राहक एवं उपभोक्ता वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़े करने को मजबूर हैं। कई बार तो वाहन चोर वाहन लेकर फुर्र हो जाते हैं।

इतना ही नहीं शहर के प्रमुख बाजारों एवं मुख्य मार्गों में भी चालक वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़े कर खरीदारी करते हैं। बाड़ी रोड स्थित गुलाब बाग चौराहे पर यातायात पुलिस चौकी संचालित है और चौकी से महज 50 से 100 कदम की दूरी पर मोर मुकुट, जोधपुर एवं बीकानेर मिष्ठान भंडार सहित कई अन्य बड़ी दुकानें हैं, जिन पर काफी भीड़ रहती है। ग्राहक अल्प आहार एवं मिठाई खरीदने के लिए आते हैं तो व अपने वाहनों को दुकान के आगे ही खड़ा कर मिठाई की खरीदारी कर अल्प आहार का स्वाद लेते हैं। इतना ही नहीं गुलाब बाग चौराहे से निजी और सरकारी बस संचालक यात्रियों को बिठाते और उतारते हैं।

### यह है निर्माण स्वीकृति के प्रावधान

नगर परिषद्, धौलपुर के संबंधित कर्मचारियों के अनुसार निर्माण स्वीकृति के साथ संलग्न मानचित्र में पार्किंग के लिए स्थान छोड़ने के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। आमजन शहर छोटा होने से विपरीत निर्माण की शिकायत करने से कतराते हैं। वहीं पार्किंग के अभाव से अवरुद्ध हो रहे यातायात की शिकायत यातायात पुलिस को करनी चाहिए, लेकिन उसने आज तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बीते दिन गुलाब चौराहे पर बीकानेर के नामचीन मिष्ठान भंडार का उद्घाटन किया।

### यातायात पुलिस निरीक्षक नहीं उठाया फोन

निर्माण स्वीकृति के विपरीत बने भवनों व नो-पार्किंग जोन में खड़े भारी वाहनों के संबंध में यातायात पुलिस निरीक्षक का मत जानने के लिए दर्जनों फोन के किए गए, बावजूद उन्होंने एक का भी उत्तर नहीं दिया।

## जिला कलेक्टर ने धौलपुर को बाड़ी अस्पताल में मिली गंदगी, जताई नाराजगी, सफाई के निर्देश

### कार्मिकों का वेतन बकाया, पीएमओ को जल्द समाधान के दिए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बुधवार को बाड़ी के सामान्य अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अस्पताल में साफ-सफाई का अभाव और कचरे के उचित निस्तारण की कमी मिली। प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों ने वेतन न मिलने की शिकायत भी की।

दोपहर तीन बजे कलेक्टर के अस्पताल पहुंचने पर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल के साथ विभिन्न वार्डों, शौचालयों और अन्य स्थानों का जायजा लिया। कलेक्टर ने भर्ती मरीजों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान, प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारियों ने कलेक्टर को बताया कि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे दीपावली जैसे त्योहार पर उन्हें काफी परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने पीएमओ को इन समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि अस्पताल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिए कि जो भी व्यक्ति अस्पताल परिसर में धूम्रपान या तंबाकू का सेवन करते दिखे, उन पर जुर्माना लगाया जाए। साथ ही, अस्पताल में जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाने को भी कहा, ताकि लोगों को जागरूक कर गंदगी रोकी जा सके।

कुछ लोगों ने कलेक्टर से शिकायत की कि पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल के निर्देशों का कुछ स्टाफ पालन नहीं करता। इस पर कलेक्टर ने पीएमओ को ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पीएमओ को कार्रवाई करने में कोई समस्या आती है, तो वे इसका प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय भेजें। ऐसे मामलों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि ये जिले का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल है, जहां एसएनसीयू के साथ बड़ी संख्या में डिलीवरी होती हैं और अब सिजेरियन भी होने लगे हैं। उन्होंने पीएमओ और सिजेरियन स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### नगला बीजा में रात्रि चौपाल का आयोजन

## जिला कलक्टर ने मौके पर ही किया शिकायतों का निस्तारण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय्)।** आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार रात्रि को उपखंड उच्चैन के ग्राम नगला बीजा में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने जलापूर्ति, सड़क, बिजली, पेंशन, राजस्व, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान 10 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण कर राहत दी गई।

जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन तक योजनाओं के लाभ पहुँचाने और जनसुनवाई को सशक्त बनाने के लिए रात्रि चौपालें एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा नगला बीजा से चक नगला बीजा के मध्य रेलवे अंडर पास बंद किए जाने की शिकायत पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार को मौके पर निरीक्षण करने एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने शेरीकलां बस स्टैण्ड से नगला बीजा के बीच सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीणों से समझाइश करते हुए पुलिस सहयोग से कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने आयुर्वेदिक अस्पताल से पंचायत भवन तक की सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश दिए।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नगला बीजा में क्षतिग्रस्त कमरों की मरम्मत एवं नए कमरों के निर्माण के लिए भामाशाहों का सहयोग लिया जाए तथा आवश्यक प्रस्ताव मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजे जाएं। उन्होंने पीएचईडी अधिकारी को ग्राम रहीमपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने नदबई उपखंड क्षेत्र के बछामदी ग्राम में उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने हेतु शिक्षा विभाग की खाली भवन हस्तांतरण अथवा भूमि आवंटन के विकल्प पर शीघ्र कार्यवाही प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए संबंधित नदबई उपखंड अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संज्ञान में लाते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए ।

इस दौरान उच्चैन प्रधान राम अवतार देवपुरा, एसीईओ रेखा रानी, उपनिदेशक लोक सेवाएं भारती भारद्वाज, उच्चैन उपखंड अधिकारी धारा, तहसीलदार रमेशचंद वर्मा, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग रामहेत मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवासों का औचक निरीक्षण शुरू

### हर आवास समय पर बने, गुणवत्ता से समझौता न हो, मॉनिटरिंग प्रभावी रूप से हो, यही प्राथमिकता-सीईओ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा के टीम ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु औचक निरीक्षण अभियान प्रारंभ किया। स्वयं सीईओ बृजमोहन बैरवा और एसईओ डॉ सुमन अजमेरा भी कई ग्राम पंचायतों में आवासों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने आवासों को भौतिक रूप से देखा और लाभार्थियों से विस्तृत चर्चा भी की। साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना। इस अभियान के अंतर्गत जिले की उन ग्राम पंचायतों में औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ सर्वाधिक आवास प्रथम, द्वितीय या तृतीय किश्त पर लम्बित हैं अथवा आवास निर्माण पूर्ण स्थिति में हैं। निरीक्षण के माध्यम से निर्माण की गुणवत्ता, किश्तों के समयबद्ध भुगतान एवं लाभार्थियों की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण हेतु जिला स्तर पर अधिकारियों के दलों का गठन किया गया जिसमें जिला परिषद राजसमंद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमन अजमेरा, अधिशाषी अभियंता (अभि.) राजेन्द्र धोलिया, पंचायत समिति आमेट के विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर, पंचायत समिति भीम के विकास अधिकारी कृष्णकुमार छलिया, पंचायत समिति देलवाड़ा के विकास अधिकारी नवीन गौड़, पंचायत समिति देवगढ़ के अतिरिक्त विकास अधिकारी राजाराम गुर्जर, पंचायत समिति खमनोर के विकास अधिकारी हनुवीर सिंह, पंचायत समिति कुंभलगढ़ के विकास अधिकारी मांगीलाल, पंचायत समिति रेलमगरा के विकास अधिकारी मामराज मीणा तथा पंचायत समिति राजसमंद के विकास अधिकारी महेश गर्ग शामिल थे।



## तेज रफ्तार ट्रेलर चाय की थड़ी में घुसा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** बुधवार सुबह एन-8 हाईवे पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार से जा रहा ट्रेलर जिगजैग बैरिकेड्स के कारण अनियंत्रित होकर किनारे लगी रेलिंग तोड़ते हुए सर्विस लेन में घुस गया और सड़क किनारे लगी चाय की थड़ी से जा टकराया। हादसे के वक्त वहां मौजूद लोग समय रहते भाग छूटे, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

हादसे में ट्रेलर चालक को सिर में हल्की चोट आई है, जबकि एक ग्राहक के पैर में मामूली खरोंच आई।घटना के प्रत्यक्षदर्शी राधेश्याम ने बताया कि “मैं थड़ी पर खड़ा था, तभी अचानक ट्रेलर तेज रफ्तार में आया और रेलिंग तोड़ता हुआ सीधे मेरी ओर बढ़ा। मैं समय रहते दूसरी ओर कूद गया, वरना ट्रेलर सीधा मेरी छाती पर आ जाता।”

### भाजपा की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा सम्मेलन का हुआ आयोजन

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए करना होगा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** भाजपा की आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा सम्मेलन जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत की अध्यक्षता मे संपन्न की गई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ शैलेश दिगंबर विधायक डींग कुम्हेर , विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद राम स्वरूप कोली , पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा , मोतीलाल मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, जिला महामंत्री अनिल गोयल आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक मदनलाल कोली विधानसभा संयोजक विनय परमार की देख रेख में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने आत्मनिर्भर भारत के बारे में एवं जीएसटी में किए गए बदलाव के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया। मुख्य अतिथि डॉक्टर शैलेश दिगंबर सिंह ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विकसित भारत संकल्प अभियान को लेकर के देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना पड़ेगा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना पड़ेगा लोकल में बनी हुई सामग्री का ही उपयोग करना है लोकल टू वोकल पर जोर देकर देते हुए कहा कि हमारे देश में बनने वाली प्रत्येक वस्तु का इस्तेमाल करें। प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने बताया कि 2014 के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार संभालिए जब से लेकर के अब तक देश को आगे बढ़ने का कार्य किया है देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाकर रख दिया है प्रत्येक व्यक्ति तक हर योजना का लाभ मिले इसके लिए मोदी जी रात और दिन मेहनत कर रहे हैं। पूर्व विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के द्वारा जो जीएसटी में बदलाव किया गया है इससे आम जनता को बहुत लाभ मिला है चाहे वाहन हो चाहे रोजमर्रा की वस्तु हो प्रत्येक चीज में जीएसटी को कम करके आम उपभोक्ता को लाभ पहुंचाने का काम मोदी सरकार द्वारा किया गया है। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा,आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम के जिला सह संयोजक डॉ.मनोज शर्मा, कंचनपुर मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर, बसई नवाब मंडल संयोजक के जी तिवारी, बिजौली मंडल अध्यक्ष रविंद्र बटेश्वर, जारगा मंडल अध्यक्ष रामलखन सिंह परमार, स्टोन संगठन के अध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, रमेश पंडित जी,गंगा सिंह परमार, सचिन बंसल,प्रदीप भारद्वाज सतीश प्रजापति रामकुमार चौधरी मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय अजजा विकास परिषद के उदय राम पहाड़िया बने चित्तौड़गढ़ जिला संरक्षक

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण माँगरिया व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा की सहमति से एवं बिहारी लाल सोलंकी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की अनुशंसा पर प्रदेश के महामंत्री देवीलाल बैरवा ने बताया कि निंबाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान निवासी उदयराम पहाड़िया ने अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है इसी को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है ।

## ब्यावर में एनपीएस के विरोध में कर्मचारी उग्र, आदेश प्रतियों की होली, किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा ब्यावर के नेतृत्व में बुधवार को कर्मचारियों ने एनपीएस/यूपीएस लागू करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष जवरीलाल प्रजापत के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने आदेश प्रतियों की होली जलाकर सरकार के निर्णय का विरोध किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष प्रजापत ने कहा कि सरकार द्वारा संवाद न करने और ओपीएस को हटाने की कार्रवाई कर्मचारी विरोधी है। जिलामंत्री विजय प्रकाश शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि आदेश वापस नहीं लिए गए तो राज्यभर में आंदोलन और उग्र रूप लेगा उन्होंने कहा कि संगठन 11 सूत्री मांगों पर अडिग है — जिनमें 53 हजार करोड़ रुपए जीपीएफ खातों में जमा कराने, ह्क्कस् को यथावत रखने, समान काम समान वेतन नीति लागू करने, डीए एरियर भुगतान, ग्रामीण भत्ता, पदोन्नति अवसर, न्यूनतम वेतन 26 हजार, पारदर्शी स्थानांतरण नीति व आरजीएचएस सुविधाओं की बहाली जैसी प्रमुख मांगे शामिल हैं।धरना-प्रदर्शन में प्रभूसिंह रावत, संजय टेलर, मूलाराम भाटी, सत्यनारायण टेलर, पुष्पा चौहान, लोकेश मीणा, गोविंद देव मीणा, दुर्गाराम चौधरी, प्रकाश बडियासर, चित्रा माथुर, सरिता जोगावत, महावीर सेन सहित 34 विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए भाग लिया।

## बबलू भाई के निधन से जजावर में शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान



**जजावर (नि.सं.)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रो मे बबलू भाई साहब के नाम से लोकप्रिय एवं बढ़ता राजस्थान के स्थानीय प्रतिनिधि के छोटे भाई महावीर जैन का बुधवार को निधन हो जाने से समूचे कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गई । युवा समाजसेवी एवं सरल स्वभावी बबलू भाई (45) मेडिकल व्यवसाय से जुड़े हुए थे जो बीते कुछ दिनो से बीमार चल रहे थे।एवं जयपुर मे ही एक निजी अस्पताल मे भर्ती थे। जो बुधवार को मौत से हार गए। जब उनका शव जजवर पहुंचा तो कस्बा शोक मे डूब गया । बबलू भाई साहब का शाम को गमगीन माहौल मे यहां अंतिम संस्कार हुआ ।

## भवानीमंडी : राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स में हुआ बोनस समझौता

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** वैश्विक चुनौतियों जैसे उद्योग जगत की आर्थिक मंदी, मांग में गिरावट और तीव्र प्रतिस्पर्धा से जूझ रही राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स पर हाल ही में राजस्थान विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि से करोड़ों रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ गया है। इसके बावजूद संस्थान ने अपने कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए रविवार, दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को श्रमिक संगठनों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में वर्ष 2024-25 का बोनस समझौता किया।

समझौते के अनुसार श्रमिकों को 18प्रतिशत, 14प्रतिशत और 8.33प्रतिशत (हाजिरी के अनुसार) बोनस एवं एक्सग्रेशिया की राशि का वितरण किया जाएगा। श्रमिक संगठनों के अनुरोध पर बोनस और एक्सग्रेशिया की राशि दीपावली पूर्व वितरित करने का निर्णय लिया गया, जिसका भवानीमंडी के व्यापारिक संगठनों एवं श्रमिक संगठनों ने स्वागत किया है। संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेशराज पूरोहित ने बताया कि दीपावली के अवसर पर कंपनी द्वारा इस वर्ष लगभग 5 करोड़ से अधिक की राशि बोनस एवं एक्सग्रेशिया के रूप में वितरित की जाएगी, जिससे स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ेगी।

इस अवसर पर श्रमिक संगठन के अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रबंधन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष दिनेशराज पूरोहित एवं कारखाना प्रबंधक चंद्रप्रकाश प्रसाद मौजूद थे। अंत में प्रबंधन ने सभी श्रमिकों और उनके परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कंपनी की निरंतर प्रगति में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा व्यक्त की।

## नीलू शर्मा ने नगर अध्यक्ष राईवाल के सानिध्य में गौ सेवा कर मनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** मंगलवार को नीलू शर्मा, उपाध्यक्ष नगर कांग्रेस, पूर्व पार्षद प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस ने अपना जन्मदिन सांवरिया गौशाला में गायों को हरी घास एवं पशु आहार खिलाकर एवं वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद लेकर मनाया जन्मदिन।सांवरिया गौशाला में नीलू शर्मा द्वारा नगर कांग्रेस अध्यक्ष गौ भक्त पूर्व पार्षद बंसीलाल राईवाल, के सानिध्य में पूर्व पार्षद, प्रदेश सचिव, प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग बिहारी लाल सोलंकी, पूर्व पार्षद, नगर अध्यक्ष, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग उदय राम पहाड़िया ,पूर्व पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग, रामचंद्र बामनिया, पूर्व पार्षद शांतिलाल लाड़ना पुर अतिरिक्त मुख्य जिला संगठन सेवादल यू, एस, शर्मा, सचिन जिला कांग्रेस नुसरत खान, अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल दिनेश चंद्र गुप्ता , पूर्व सेवादल नगर अध्यक्ष ललित सिंह राठौड़, समाजसेवी हिमांशु बेरवा के साथ केक का काटकरआशीर्वाद लिया।

# दीपोत्सव पर्व की भव्यता बढ़ाने हेतु नगर पालिका कपासन दो चरणों में करेगी साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रतियोगिता के निर्णय हेतु एक संयुक्त कमेटी का होगा गठन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर में दीपोत्सव पर्व को भव्यता प्रदान करने के क्रम में जनसहभागिता बढ़ाने हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को पालिका सभागार में विभिन्न व्यापार मंडल प्रतिनिधियों के साथ बाजार एवं प्रतिष्ठानों हेतु आयोजित होने वाली साज-सज्जा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया।



नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि दीपावली पर्व को कपासन नगर में भव्यतापूर्वक मनाने एवं इसमें जनसहभागिता बढ़ाने हेतु उक्त साज-सज्जा प्रतियोगिता का दो चरणों में आयोजन होगा ।जिसके अंतर्गत प्रथम श्रेणी बाजार सजावट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 11 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 5,100 रु. का रहेगा ।साथ ही द्वितीय चरण निजी प्रतिष्ठान सजावट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 हजार,द्वितीय 5,100 रु. एवं तृतीय पुरस्कार 3,100 रु. का रहेगा ।उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नगर पालिका कपासन से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर जमा कराना होगा ।साथ ही प्रतियोगिता के निर्णय हेतु एक संयुक्त कमेटी का गठन किया जायेगा ।जिसमें नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी सहित व्यापार मंडल प्रतिनिधि,पालिका कार्मिक व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे ।यहां दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता से पृथक नगर पालिका मंडल द्वारा नगर पालिका कपासन क्षैत्र के विभिन्न मार्गो,चौराहो एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को साज-सज्जा कर सजाया जायेगा।

इस बैठक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष एजाज अली,कपड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष प्रदीप सोमानी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,विश्वकर्मा व्यापार संघ सदस्य कमल सांवला,दिलीप बारेगामा, निपेश मंडोवरा,रेडीमेड वस्त्र व्यापार संघ अध्यक्ष नरेश ईनाणी,स्टेशनरी एसोसिएशन सदस्य आशीष नंदवाना, आनंद पाराशर,मोबाइल व्यापार संघ सदस्य कमलेश डाड,किराना व्यापार मंडल प्रतिनिधि अंकित सोमानी, होलसेल सब्जी मंडी प्रतिनिधि मनोज आचार्य,चांदमल बारेगामा,राजेश आचार्य,रिटेल सब्जी मंडी प्रतिनिधि नंदलाल माली,अंकित खटीक,सत्यनारायण चोटिया,

पार्षद मुकेश पलोड़,अशोक विजयवर्गीय,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा सहित नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर,वरिष्ठ सहायक रामप्रसाद गायरी आदि पालिका जनप्रतिनिधि,कार्मिक एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा जिले को राष्ट्रीय गौरव, राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर होंगे सम्मानित

**धरती आभा योजना के तहत आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिलेगा सम्मान**

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को धरती आभा योजना के तहत संचालित आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाएगा।



यह सम्मान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा शुक्रवार, 17 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। भीलवाड़ा जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आसींद, बनास, शाहपुरा, कोटड़ी, जहाजपुर, मांडलगढ़ और बिजोलिया ब्लॉक में अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया गया, जिनमें 141 राजस्व ग्रामों में आदिवासी सेवा केंद्रों की स्थापना की गई साथ ही विभिन्न गतिविधियों आयोजित हुई। इस अभियान का उद्देश्य वर्ष 2030 तक जिले के एसटी बाहुल्य क्षेत्रों में 100 प्रतिशत समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आजीविका एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिला कलेक्टर संधू ने इस उपलब्धि का श्रेय जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के सहयोग को दिया और कहा कि यह सम्मान भीलवाड़ा जिले के प्रत्येक नागरिक का है, जिसने मिलकर आदिवासी समुदाय के समग्र विकास की दिशा में कार्य किया है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में मृतका के परिजनों को मिला 2 लाख का क्लेम

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के उन्हेल क्षेत्र के कछनारा गांव निवासी श्याम कुंवर जिनकी पूर्व में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी जिनका प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में बीमा था बुधवार को राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा उन्हेल द्वारा इसका क्लेम कराया गया एवं इसके वारिस इसके पति श्याम सिंह को 2 लाख की क्लेम राशि शाखा द्वारा प्रदान की गई।

शाखा प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि पूर्व में इन्होंने अपना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में बीमा करवा रखा था जिससे कि इनको 2 लाख रुपए का क्लेम दिलवाया गया।

## सांवरिया कॉलोनी में 6 इंच की नई पाइपलाइन बिछी

### विधायक कोठारी की पहल पर पानी की समस्या का होगा समाधान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** शहर की कांवा खेड़ा के समीप सांवरिया कॉलोनी में वर्षों से पानी की किल्लत से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को नई पाइप लाइन बिछाने से राहत मिलेगी । भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी की सक्रिय पहल के बाद अब कॉलोनी में 6 इंच की नई पानी की पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही इस क्षेत्र के निवासियों को नियमित और पर्याप्त पानी मिलना शुरू हो जाएगा। पानी के अभाव में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों को अब तक दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाने की मशक्कत करनी पड़ती थी। क्षेत्रवासियों की इस गंभीर और वर्षों पुरानी मांग को विधायक अशोक कोठारी ने गंभीरता से लेते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिस पर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का यह बड़ा विकास कार्य समय पर पूरा हो सका।

क्षेत्रवासी जीवन चन्नाल,कैलाश चांवरिया, भागचंद गौरण, राजू चन्नाल, घनश्याम भील, राजू भील, लीला देवी, निर्मला चन्नाल व महेश नाथ आदि ने विधायक कोठारी की इस संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

## हंसगंगा हरि सेवा ट्रस्ट ने टेकरी हनुमान मंदिर में किए सेवा कार्य

### पानी की मोटर, स्ट्रीट लाइट व पाइप किए भेंट

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** हंसगंगा हरि शेवा ट्रस्ट की ओर से सेवा भावना के तहत गुरला स्थित हनुमान चौकी आश्रम (टेकरी के हनुमान) में आवश्यक सामग्री भेंट की गई। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में पानी की मोटर, स्ट्रीट लाइट और पाइप प्रदान किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को अब बेहतर सुविधाएँ मिल सकेंगी।



श्री बालाजी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष महंत पुनीत दास त्यागी ने बताया कि यह सेवा कार्य मंदिर के विकास को समर्पित है। जल व प्रकाश की व्यवस्था से बड़ी राहत मिलेगी। सभी ने हंसगंगा हरि शेवा ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सेवा कार्य समाज में प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बालाजी महाराज को सुंदर माला पहनाई, हनुमान चालीसा का पाठ किया और श्रद्धा भाव से प्रसाद अर्पित किया।

सनातन धर्म की रक्षा और प्रचार-प्रसार का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमारी संस्कृति की आत्मा है, इसकी रक्षा करना हर धर्मनिष्ठ व्यक्ति का कर्तव्य है। श्री बालाजी समाज सेवा समिति द्वारा अतिशीघ्र कार्यकारिणी में नए सदस्य जोड़कर मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस मौके पर अभिमन्यु सिंह, अनिल सोनी, सत्यनारायण शर्मा, ओम, चुन्नी लाल, शंकर, दिनेश चंद्र, विनोद वैष्णव और रतन लाल, पुखराज, अनिल वैष्णव, सुरेश गुर्जर, माता यशोदा, शांति देवी और श्रीमती राधा देवी सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सीसीटीवी कैमरे में केद हुई चोरी की वारदात

## नैनवां में टीवीएस शोरूम से अज्ञात चोरों ने उड़ाये 2 लाख 90 हजार रुपए

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,((टी.आर सैनी)।** नैनवां थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की वारदाते पुलिस के लिए सीरदर्द बनी हुई है। एक सप्ताह पूर्व फूलेता पंचायत क्षेत्र में पांच मंदिरो में एक साथ चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस अभी उस चोरी का पर्दापाश करने में जुटी हुई है।



वहीं बुधवार की रात्रि को अज्ञात चोर देईपोल चैराहे के पास अरिहन्त ऑटो मोबाईल टी.वी.एस मोटर साईकिल शोरूम के ऊपर हॉल के गेट की कुन्दी तोड़कर चोर अन्दर प्रवेश किये एंव गल्ले में रखे हुए करीबन 2लाख 90 हजार की नगदी चोरी करके ले गये। चोरी की सुचना पर थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुँच कर सीसीटीवी फूटेज खंगाले। फूटेज के आधार पर पुलिस चोरी की वारदात का पर्दापाश करने में जुटी हुई है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने प्रार्थी सुनिल कुमार जैन ने पुलिस को दी गई।

रिर्पोट के आधार पर बताया कि 14 अक्टूबर को उसका भाई 7.30 बजे शोरूम को बंद करके घर चला गया था। इसके बाद रात्रि के 11 बजे शोरूम के ऊपर हॉल के गेट की कुदी तोड़कर अज्ञात चोर शोरूम में घुस गये। जहां गल्ले में रखे हुए 2लाख 90 हजार की नगदी को चोरी करके ले गये। सवेरे आकर देखा तो पाया कि काउन्टर के दरवाजे खुले हुए थे। गल्ले में रखे हुए पैसे गायब थे। उन्होने शोरूम में लगे हुए कैमरे चैक किये तो उसमें एक व्यक्ति चेहरे पर कपड़ा लपेटे चोरी करता हुआ नजर आया। जिसको वह पहिचान नहीं पाया। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज करके अनुसंधान शुरू कर दिया है। संदिग्ध लोगो से पुछताछ की जा रही है। शीघ्र ही चोरी का पर्दापाश होने की संभावना है।

**11 सूत्री मांगें न मानने पर संघर्ष चेतना यात्रा की चेतावनी**

# कर्मचारी महासंघ का एनपीएस के विरोध में प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** बूंदी में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने राज्य सरकार के एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) से संबंधित 9 अक्टूबर 2025 के आदेश के विरोध में उसकी होली जलाई। महासंघ ने 11 सूत्री मांग-पत्र की मांगों को सरकार द्वारा अनदेखा करने पर धरना दिया और ज्ञापन सौंपा।




महासंघ के जिला अध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने बताया कि 8 लाख से अधिक कर्मचारियों और लाखों संविदा कार्मिकों की प्रशासनिक एवं वित्तीय मांगों का मांग-पत्र 5 जनवरी, 2025 से लंबित है। सरकार के सकारात्मक कदम न उठाने और निगम, बोर्ड, विश्वविद्यालय में लागू की गई एनपीएस के विरोध में महासंघ ने संघर्ष चेतना यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है।

महासंघ के महामंत्री गोपाल लाल वर्मा ने बताया कि एनपीएस के आदेश को वापस लेने और 9 माह से लंबित मांगों पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए यह प्रदर्शन किया गया है।

**मुख्य मांगें और मुद्दे :** एनपीएस आदेश वापस लेना और पुरानी पेंशन योजना लागू करना, कर्मचारियों के एनपीएस में कटे 53 हज़ार करोड़ रुपए जीपीएफ खातों में जमा करवाना, 11 सूत्री मांग-पत्र की मांगों पर कार्रवाई, अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों की वर्षों से लंबित पदोन्नतियां एवं पदोन्नति विसंगतियों को दूर करना (जैसे 5 पदोन्नति अवसर या सुनिश्चित वेतनमान, खेमराज समिति की रिपोर्ट के आधार पर वेतन विसंगतियां दूर करना,न्यूनतम वेतनमान 26 हजार निर्धारित करना और ग्रामीण भत्ता स्वीकृत करना, संविदा एवं आउटसोर्स नियुक्तियाँ बंद कर कर्मचारियों को नियमित करना,आरजीएचएस योजना में की जा रही कटौतियों को बंद कर योजना को मूल स्वरूप में लागू करना, पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करना, विशेषकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लिए। महासंघ के मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक ने आरजीएचएस में कटौती को अन्याय बताया। महासंघ 30 अक्टूबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तक संपूर्ण प्रदेश में संघर्ष चेतना यात्रा निकालेगा, जो चरणबद्ध आंदोलन का पाँचवा चरण होगा। इस दौरान विभिन्न सम्बद्ध संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री श्री मदन दिलावर महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती घायलों से मिले



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री श्री मदन दिलावर बुधवार को जैसलमेर बस दुखांतिका में घायल हुए यात्रियों से मिलने महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट पहुंचे ।

दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ितों के साथ महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती घायलों की कुशलक्षेम पूछते हुए उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। परिजनों से बातचीत के दौरान श्री दिलावर ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि "यह समय पूरे प्रदेश को एक सूत्र में बाँधने का है। राज्य सरकार इस दुःख की घड़ी में प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है।" प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार का हर विभाग राहत और सहयोग के कार्यों में सक्रिय है तथा पीड़ितों को हरसंभव सहायता दी जा रही है। उन्होंने दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। दिलावर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सीय उपचार और आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएं।

## दिवाली से पूर्व 159 आवंटियों को मिले सपनों के घर के आवंटन पत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित समृद्धि अपार्टमेंट, जयपुर के 159 पात्र आवंटियों को बुधवार को उनके आवंटन पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने लाभार्थियों को उनके सपनों के घर के दस्तावेज़ सौंपे। यह आयोजन प्रताप नगर स्थित मण्डल के वृत प्रथम कार्यालय में चल रहे "शहरी सेवा शिविर 2025" अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में जनसेवा को त्वरित, पारदर्शी और सुलभ बनाना है। मंत्री श्री खर्रा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि हर परिवार को सम्मानजनक जीवन देना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में "हर सर को छत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री श्री खर्रा ने सभी 159 आवंटियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह घर केवल चार दीवारें नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत और आत्मनिर्भर जीवन की नींव हैं। उल्लेखनीय है की शहरी सेवा शिविर 2025 के माध्यम से मण्डल ने अब तक लगभग 2 हजार 200 से ज्यादा प्रकरणों का निस्तारण किया है। इस अवसर पर आवासन अध्यक्ष श्री देबाशीष पृष्टि ने कहा कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने अपनी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि "समृद्धि अपार्टमेंट" परियोजना आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने का सफल उदाहरण है।उन्होंने कहा कि बोर्ड अब पारंपरिक निर्माण से आगे बढ़कर तकनीकी नवाचार और नागरिक सुविधा केंद्रित परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में बोर्ड द्वारा राज्यभर में कई नई आवासीय परियोजनाएँ प्रारंभ की जाएंगी। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया की समृद्धि आवासीय योजना में प्रति फ्लैट की कीमत 35 लाख अनुमानित थी लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 31 लाख में दिया है। मण्डल भविष्य में भी विभिन्न आय वर्ग के लिए इसी तरह किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले आवास उपलब्ध करवाता रहेगा।

## जयपुर में दूध व मावा मंडियों पर खाद्य सुरक्षा टीम का छापा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दीपावली पर्व के मद्देनज़र खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाने के उद्देश्य से "शुद्ध आहार – मिलावट पर वार" अभियान के तहत जयपुर प्रथम जिले में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में मंगलवार को शास्त्री नगर स्थित दूध मंडी में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में की गई। टीम ने मंडी में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 6 नमूने एकत्रित किए। सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हुई यह कार्रवाई दोपहर 3:00 बजे तक निरंतर जारी रही। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सूचना के आधार पर मंडी में खड़े दो पिकअप वाहनों की भी मौके पर जांच की, जिनमें सप्लाई हेतु लदा मावा पाया गया। नमूने विधिवत रूप से एकत्र कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत स्वयं स्थल पर मौजूद रहे और संपूर्ण कार्रवाई की निगरानी की। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर जिले में मिठाई और मावा की खपत बढ़ जाती है, ऐसे में मिलावटखोरों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है ताकि आमजन को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। डॉ. शेखावत ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। आने वाले दिनों में जयपुर जिले की अन्य मंडियों, डेयरियों, मिठाई प्रतिष्ठानों एवं थोक विक्रेताओं पर भी इसी प्रकार की आकस्मिक जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि "मिलावटखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।" कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, नरेश कुमार चेजारा, नरेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता एवं विशाल मित्तल सक्रिय रूप से शामिल रहे। टीम ने मंडी परिसर में मौजूद व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी दी और शुद्धता बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया। अभियान के तहत न केवल सैंपलिंग और जांच की जा रही है बल्कि जनजागरूकता गतिविधियां भी चलाई जा रही हैं। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे मिठाई और मावा खरीदते समय पैकिंग, रंग, गंध और गुणवत्ता की जांच अवश्य करें तथा किसी भी प्रकार की मिलावट की आशंका होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग के नियंत्रण कक्ष या हेल्पलाइन पर तुरंत सूचना दें। जयपुर जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दीपावली पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई जाएगी। जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर न केवल लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे बल्कि विधिक कार्रवाई के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में अभियोजन भी प्रस्तुत किया जाएगा।

### 12 ठिकानों पर एक साथ मारा छापा, करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

# एसीबी ने अधिशासी अभियंता रामावतार मीना पर कसा शिकंजा

### लोकायुक्त सचिवालय और कार्मिक विभाग में भी चल रही पद दुरुपयोग की जांच

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर (राकेश शर्मा)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बार फिर राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने पंचायती राज विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) रामावतार मीना के कई ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापेमारी की। अधिकारियों के अनुसार छापे के दौरान एसीबी को 2 करोड़ 77 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति मिली है, जो आरोपी की आय से लगभग 115 प्रतिशत अधिक बताई जा रही है। गुप्त सूचना मिलने पर एसीबी ने न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर अधिशासी अभियंता रामावतार मीना के ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया।





### तीन जिलों में एसीबी की सर्च कार्रवाई

इंदिरा गांधी पंचायती राज विकास संस्थान में अधिशासी अभियंता के रूप में कार्यरत रामावतार मीना वर्तमान में सहयोगी प्राध्यापक (एसोसिएट प्रोफेसर) के पद पर भी कार्य कर रहे हैं। उनके विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर एसीबी की विभिन्न टीमों ने एक साथ तीन जिलों में मीना के 12 ठिकानों पर छापेमारी की।

सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी स्थित मीना के मकान पर एसीबी ने तलाशी ली, जहां किरायेदार रहते हैं। इसके अतिरिक्त करौली रोड पर स्थित एक रिसॉर्ट पर भी एसीबी ने छापा मारा।

### सवाई माधोपुर में भी रहे विवादों के घेरे में

अधिशासी अभियंता रामावतार मीना सवाई माधोपुर की पंचायत समिति में विकास अधिकारी के पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। इस दौरान तत्कालीन पंचायत समिति प्रधान सूरजमल बैरवा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मीना पर पद का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग की थी। कांग्रेस सरकार के समय राजनीतिक संरक्षण के कारण जांच ठंडे बस्ते में चली गई थी। इसी दौरान मीना पर एक महिला सहायक अभियंता को मानसिक रूप से परेशान करने के भी आरोप लगे थे। इस प्रकरण की जांच लोकायुक्त द्वारा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से कराई गई, जिसमें मीना को पद के दुरुपयोग का दोषी पाया गया। रिपोर्ट एक माह से अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पास लंबित पड़ी है। वहीं, इसी मामले में कार्मिक विभाग ने भी पंचायती राज विभाग से रिपोर्ट मांगी है जो वर्तमान में विचाराधीन है।

### चौथ का बरवाड़ा में भी रहे विवादास्पद

गौरतलब है कि विकास अधिकारी के रूप में कार्य करते समय रामावतार मीना को चौथ का बरवाड़ा पंचायत समिति का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया था। इस दौरान उन्होंने एक ग्राम पंचायत की महिला दलित सरपंच को बैठक के दौरान कुर्सी से उठा दिया था। यह मामला उस समय मीडिया में काफी चर्चित रहा था, किंतु बाद में यह जांच भी ठंडे बस्ते में चली गई। अब एसीबी की कार्रवाई में रामावतार मीना की करोड़ों की संपत्तियों के खुलासे के बाद जनता ने राज्य सरकार से इन सभी पुराने मामलों की भी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा

रामावतार मीना ने विभिन्न स्थानों पर करोड़ों रुपये मूल्य की जमीनें और मकान खरीद रखे हैं। जयपुर के इंदिरा गांधी नगर में छह बड़े भूखंड और मकान, जगतपुरा के रोहिणी नगर टीलावाला क्षेत्र में करोड़ों रुपये की जमीन, जयपुर के कोटखावदा में भूखंड, गंगापुर सिटी में प्लॉट और करौली जिले के खिरखिड़ा गांव में आलीशान फार्म हाउस एसीबी को मिले हैं।

## ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय तम्बाकु नियंत्रण, फायर सेफ्टी, सीपीआर कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में बुधवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय तम्बाकु नियंत्रण, फायर सेफ्टी, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सवाईकल कैंसर स्क्रीनिंग व आपातकालीन जीवन रक्षक हेतु सीपीआर का प्रषिक्षण दिया गया।

इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल, एसडीएम बृजेष कुमार चौधरी, सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम सिंह गुर्जर ने स्वास्थ्यकर्मियों व आमजन को सम्बोधित किया। विधायक पटेल ने कहा कि नषा मुक्त अभियान चलाकर युवाओं व आमजन को नषे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुये उन्हें नषा नहीं करने के बारे में प्रेरित किया जावें।

उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थाओं में अग्निषमन उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही कहा कि प्रत्येक कार्मिक को फायर सेफ्ट का प्रषिक्षण दिया जायें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकें। उन्होंने ब्रेस्ट कैंसर व ओरल कैंसर की प्रारम्भिक जांच कर तुरन्त उपचार करने की बात भी कही। वहीं सभीचिकित्साकर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बात कहते हुये दीपावली पर्व को देखते हुये आपातकालीन सुविधायें चालु रखने, पटाखे सावधानी से चलाने एवं आमजन को भी जागरूक करने की बात कही एवं सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनायें भी दी।

इस दौरान राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर इन्डीकेटर वाईज रिपोर्ट जांची गई। जिन चिकित्सा संस्थानों की प्रगति कम रही है, उनको सात दिवस में पूर्ण करने के निर्देष प्रदान किये गये। प्रषिक्षण में करीब 400 कार्मिकों ने प्रषिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर विजय तिवाड़ी, ख्यालीराम यादव, प्रेमप्रकाष सैनी, रामरतन रावत, लालचन्द गुर्जर, घनष्याम सैनी समेत समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एलएचवी, एएनएम, सीएचओ, डीईओ, आषाओं समेत आमजन मौजूद रहें।

## जयपुर में शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत जयपुर जिले में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 हजार 727 किलो मिलावटी मिल्क केक और मावा मिठाई जब्त कर नष्ट कराई।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीम ने गुजरो की ढाणी, मोरीजा रोड, चोमू स्थित एक कारखाने में छापा मारकर भारी मात्रा में मिलावटी मिठाई पकड़ी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पाया गया कि कारखाने में मिल्क केक और मावा मिठाई को दूध या मावे की जगह रिफाइंड सोयाबीन तेल, सूजी और ग्लूकोज के अमानक एवं कृत्रिम पदार्थों से तैयार किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त फर्म के पास खाद्य सुरक्षा लाइसेंस भी नहीं था, जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन है।

वहीं, खाद्य सुरक्षा टीम ने चीथवाड़ी मोड़ स्थित श्री श्याम मावा पनीर प्रतिष्ठान पर भी निरीक्षण किया। यहाँ से दूध के टैंकर से दूध के नमूने तथा दूध से तैयार मावा के नमूने विधिवत रूप से एकत्र किए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है।

## बीडीएम जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में स्टॉफ की स्थाई नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में स्टॉफ की स्थाई ड्युटी लगवाने की मांग को लेकर अस्पताल के पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर ने विगत 08 अक्टुबर को जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्नोई को पत्र लिखा था। जिस पर एसपी ने त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुये पुलिस चौकी में स्थाई रूप से स्टॉफ की नियुक्ति कर दी हैं। उल्लेखनीय हैं कि चिकित्सालय परिसर में स्थित पुलिस चौकी में स्टॉफ नहीं होने के कारण एक्सीडेंट, एमएलसी, पीएमआर आदि में कानूनी कार्यवाही में देरी होती थी एवं परिजनां की भीड़ उग्र होने के कारण झगड़े की परिस्थितियां हो जाती थी व अस्पताल प्रशासन पर अव्यवस्था का आरोप लगाया जाता था।

### विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष ने दिए अजमेर जिला कलक्टर, नगर निगम व एडीए को निर्देश

# त्यौहार में चाक चौबंद रखें सुरक्षा, सफाई, बिजली और पानी की आपूर्ति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने अजमेर जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि शहर मे क्षतिग्रस्त हुई समस्त सड़कों को दीपावली से पूर्व मरम्मत एवं नवीनीकरण करवाएं। सुरक्षा, पानी व बिजली की आपूर्ति तथा सफाई व्यवस्था को भी चाक चौबंद रखें।

विधानसभा अध्यक्ष ने जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु, नगर निगम, एडीए तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ शहर के हित से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। श्री देवनानी ने निर्देश दिए कि अजमेर शहर में क्षतिग्रस्त हुई समस्त सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण दीपावली से पूर्व कर लिया जाए। दीपावली बड़ा त्यौहार है, ऐसे में शहर के लोगों को समय रहते राहत प्रदान की जाए। इसके लिए नगर निगम, अजमेर विकास प्राधिकरण एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर काम किया जाए। श्री देवनानी ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं पर तेजी से अमल किया जाए ताकि समय से काम पूरा हो सके। देवनानी ने वरूण सागर झील, चौरसियावास तालाब सौन्दर्यीकरण व जीर्णोद्धार के लिए डीपीआर, निविदा व अन्य कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह अजमेर में बनने वाले कन्वेंशन सेन्टर के लिए भूमि का चयन और अन्य औपचारिकताओं को जल्द पूरा किया जाए। देवनानी ने निर्देश दिए कि बजट घोषणा के क्रियान्वयन में सार्वजनिक पुस्तकालय के विकास की कार्यवाही की जाए। लाइब्रेरी का विस्तृत प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने शहर की ड्रेनेज समस्या के निराकरण के लिए तैयार की गई डीपीआर की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दीपावली के दिनों में शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। पानी व बिजली की आपूर्ति भी बहाल रखी जाए।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।